

सूर्योदय प्रातः 5:46 सूर्यास्त संध्या 5:23 पखवाड़ा आश्विन शु. द्वादशी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 25° न्यूनतम 22°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, वर्ष : 15, अंक : 242, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter





## एक झलक

### नेहा महतो महिला फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी 16 को

**बुंडू :** उलगुलाम फाउंडेशन के तत्वाधान में पांचपरगना उच्च विद्यालय ताऊ मैदान में आगामी16 अक्टूबर को नेहा महतो महिला फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी सह खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है।प्रतियोगिता के फुटबॉल स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 21000 एवं द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपए दी जाएगी। इसके अलावे बालक एवं बालिकाओं के लिए 1600 मी मैराथन में प्रथम पुरस्कार 1501, द्वितीय पुरस्कार 701, तृतीय पुरस्कार 501 रुपया दिया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो शामिल होगी। विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व अभियंता प्रमुख सिगराय टुटी, उलगुलान फाउंडेशन उपाध्याय राम दुर्लभ मुंडा, जिप सदस्य विजय मानकी, परमेश्वरी सांडिल, पूर्व उपाध्याक्ष, नगर पंचायत बुंडू, सुनील जायसवाल होंगे। इसकी जानकारी खेल प्रभारी धनु नाग ने दी है।

### बुंडू बड़ा तालाब की सौंदर्यीकरण के अनियमितता के खिलाफ आजसू का प्रदर्शन



**बुंडू :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ा तलाब के सौन्दर्यकरण कार्य में नगर पंचायत एवं संवेदक की मिलिभगत से भारी अनियमितता के विरोध में बड़ा तलाब के जल के अन्दर रहकर अनिश्चितकालीन पर्दशन किया आन्दोलनकारियों का कहना है कि जब तक अनियमतता की उच्च स्तरीय जाँच कर दोषीयों पर ठोस कारवाई नहीं होती है।प्रदर्शन जारी रहेगा।इधर प्रदर्शन पर संज्ञान लेते हुए बुंडू प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों से शाम 5 बजे वार्ता का प्रयास किया,परंतु उन्होंने जिला स्तरीय सक्षम पदाधिकारी को बुलाने पर अड़े रहे।

### रेलाडीह जंगल पुन: पहुंचे 40 हाथियों का दस्ता

**बुंडू :** सप्ताह भर पहले कई गांवों के किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को रौंदने वाले जंगली हाथियों का दस्ता पुनः रेलाडीह जंगल पहुंच गए है। गत शाम को जंगल पहुंचे। 40 की संख्या में जंगली हाथियों के दस्ते ने गत रात्रि खुदीमदुकाम गांव के कई किसानों के खेतों में घुस आए और खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया।ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को भी हाथियों का दस्ता शाम तीन बजे ही जंगल के निकटवर्ती धान के खेतों में उतर आए और फसलों को नुकसान पहुंचाया।इधर हाथियों के आतंक के मद्देनजर जंगल के निकटवर्ती दर्जनों गांवों के लोग रातजग्गी करने को मजबूर हैं।

### खूंटी में अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**खूंटी :** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी और बिरसा कॉलेज खूँटी में सोमवार को मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से रानिया और मुरहू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, इवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़े कई संपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी गाइड लाइंस का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके।

# विधायक ने 32 योजनाओं का किया शिलान्यास

■ जनजातियों के धार्मिक स्थलों के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार कृतसंकल्प : विधायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** जनजातियों के सामाजिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार कृतसंकल्प है। उक्त बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वे प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में कल्याण विभाग के तहत मांडर विधानसभा के मांडर,चान्हो, इटकी बेड़ो व लापुंग पांचों प्रखंड के 32 गांव में बनने वाली सरना स्थल व मसना स्थल के घेराबंदी निर्माण कार्य के संयुक्त शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जनजातियों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए घेराबंदी किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों की घेराबंदी हो जाने के बाद ग्रामीण इस स्थल पर बैठकर आराम से पूजा पाठ कर पाएंगे। अब यह स्थल पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर होगा। वहीं झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सरकार के कल्याण विभाग द्वारा जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए मसना,झखरा, धुमकुरिया, अखरा एवं सरना का घेराव किया जा रहा है। जिससे झारखंड की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित व विकसित किया जा सके। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक सीओ प्रताप मिंज,डीएसपी अशोक कुमार राम थाना प्रभारी नकुल साह मुखिया रमेश उरांव, रमेश महली पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, मो फहीम, सोमरा लोहरा, राज कमल गोप, मनकु कुजुर समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## सौंदा डी में नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सौंदा डी पंचायत में सोमवार को मां दुर्गा और देवी देवता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। अवसर पर पुजारी के द्वारा विधि पूर्वक पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने खोईछा भर कर मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी। श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली जो पंडाल से शुरू हुई और मुख्य मार्ग होते हुए नलकारी नदी तट पहुंची। जहां पूजा अर्चना कर प्रतिमा विसर्जित की गयी। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, दुर्गा पूजा एवं काली पूजा वर्कर्स क्लब पूजा समिति के सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश खरवार, दीपक सिंह, मधु भंडारी, रुदल कुमार, बिहारी राम, सुनील सिंह, अजीत जायसवाल, राजगिरी चौधरी, उमेश साव, संजय सिंह, बबन मिश्रा, रामवृक्ष कुमार, घनश्याम वैद्य, शेषनारायण पांडेय, सतीश कुमार, रंजीत शर्मा, अनिल खरवार, विशाल पांडेय, ऋषभ शर्मा, विशाल मिश्रा सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

## मतदाताओं और अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलायी गयी नैतिक मतदान की शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** आगामी विधानसभा चुनाकव को लेकर खूंटी जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में सोमवार को स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया और नैतिक मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं समेत प्रखंड और अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों ने भी नैतिक मतदान करने की शपथ ली। मतदान से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प और चुनाव के दौरान किसी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने को लेकर ह्वाट्स एप्प के इस्तेमाल से की जानकारी दी गई। इसके अलावा वैसे मतदाता जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम अब तक नहीं जुड़वाया है, उन्हें फॉर्म 6 भरकर जमा करने या ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के योग्य मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। फॉर्म 7 एवं 8 के तहत मतदाता सूची में सुधार, मतदाता पहचान पत्र के फोटो में सुधार, या पता में बदलाव को लेकर भी आवश्यक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि स्वीप कोषांग द्वारा अगले एक माह के लिए प्रतिदिन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसके तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत सोमवार को जिले के सभी छह प्रखंडों में नैतिक मतदान के लिए मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।

## ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरे की हालत नाजुक

**खूंटी :** खूंटी-तमाड़ रोड पर पर बाड़ी गांव के समीप सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक (ओडी 23जी 4628) अनियंत्रित होकर एक स्कूटी को टक्कर मारते हुए मौके पर पलट गया। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक एक अधेड़ ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि स्कूटी पर सवार उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान सायको थानांतर्गत जिरिंगकेला गांव निवासी 58 वर्षीय परता मुंडा के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती बिंदी मुंडा को खूंटी के केएस गंगा नामक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, परता मुंडा अपने रिश्तेदार उक्त युवती के साथ स्कूटी से खूंटी की ओर आ रहे थे।

## भुरकुंडा में नये परियोजना पदाधिकारी ने सम्भाला पदभार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सीसीएल की भुरकुंडा परियोजना में नये परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। अवसर पर कोल फील्ड मजदूर यूनियन द्वारा सोमवार को परियोजना कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। जिसमें पीओ मनोज कुमार पाठक ने राकेश कुमार सत्यार्थी को पदभार सौंपा। वहीं यूनियन द्वारा पीओ मनोज कुमार पाठक को पुष्प गुच्छ देकर, फुल माला पहनाकर और शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नये परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी और नये खान प्रबंधक कमर फाहिम साहब का भी पुष्प गुच्छ, फुल माला और शॉल देकर स्वागत किया गया। मौके पर मनोज कुमार पाठक ने कहा कि अपने तीन वर्षो के कार्यकाल में भुरकुंडा परियोजना को सदा याद रखुंगा। वहीं नये परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी ने कहा यूनियन और प्रबंधन में कभी-कभार मतभेद होना लाजिमी है, परंतु आपसी मनभेद नहीं होना चाहिए। मौके पर क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने कहा कि हमारा यूनियन परियोजना के हित को सर्वोपरि मानते हुए काम करेगा। क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने कहा नये टीम के नेतृत्व में भुरकुंडा परियोजना और बेहतर प्रदर्शन करेगा। भुरकुंडा शाखा सचिव सह केंद्रीय कार्य समिति सदस्य पप्पू सिंह ने कहा किअपने कार्यकाल में मनोज कुमार पाठक ने जिस प्रकार चुनौतीयों से जुझते हुए परियोजना को आगे बढ़ाया है, नये परियोजना पदाधिकारी और खान प्रबंधक से भी काफी उम्मीद है। मौके पर हरीशंकर पांडेय, मनोज कुमार, सुरेश, नीरज भट्ट, मनोज राम, बसंत बासपत, अरविन्द सहाय, रामदेव महतो, अर्जुन, बासुदेव, मनोज सिंह, रविंद्र शाह, उमेन्द्र कुमार, गौरी शंकर, दूज राम, बेलों शर्मा, सनोज हरिजन, बैजनाथ केवट, कल्लू, ठुपा सहित अन्य मौजूद थे।

## 29 को कार्तिक उरांव की जयन्ती पर बेड़ो में होगा जतरा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक विशु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को महान जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती के कार्यक्रम को भव्य पूर्वक मनाने व जतरा को लेकर चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा देश के महान राजनेता शिक्षाविद की जयंती पूरे झारखंड में मनाई जाती है। जिसके तहत बेड़ो में भी इस वर्ष से झारखंड एवं देश के महान विभूति स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती मनाई जाएगी। साथ ही पारंपरिक खोड़ा दलों के साथ जतरा का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने जनजातीय समाज के लोगों से इस जयंती समारोह सह जतरा को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर फागु मुंडा, मनोज भगत, चिलगु उरांव, पुनई उरांव, बन्नू भगत, चंद्र किशोर भगत, मनोज उरांव, अनूप मुंडा, शंकर बड़ाइक सहित कई लोग मौजूद थे।

## कला के माध्यम से समाज को जागरूक और प्रेरित किया जा सकता है : सुधीर मंगलेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (राममढ़) :** दुलमी प्रखंड के प्राचीन दुर्गा मंदिर सिरु में रात्रि में स्थानीय युवाओं के द्वारा ड्रामा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को कला और संस्कृति के प्रति जागरूक करना और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने ड्रामा के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं से अपील की कि वे नाट्य कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा, 'कला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है'। हमें अपनी संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को उजागर करने का यह एक सशक्त माध्यम प्रदान करता है।₹ इस कार्यक्रम में क्षेत्र के युवा कलाकारों ने विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को उठाया और अपनी कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं स्थानीय युवाओं के इस उत्साह और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति से बहुत प्रभावित हूं। हमारे समाज को ऐसी प्रतिभाओं की जरूरत है, जो कला के माध्यम से समाज को जागरूक और प्रेरित करें। मैं इस तरह के कार्यक्रमों का हमेशा समर्थन करता रहूंगा।

## झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक, कई बिन्दुओं पर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (राममढ़) :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक गोला प्रखंड के मगनपुर पंचायत भवन में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता गोला प्रखंड अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती तथा संचालन रामचंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष कार्तिक माहथा ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के निर्माण के 24 वर्ष हो चुके हैं और झारखंड और झारखंड आंदोलनकारी पर सरकार की कोई सकारात्मक पहल या उनकी माँगों पर अभी तक किसी तरह का कोई भी विचार सरकार द्वारा नहीं किया जा सका है। आज झारखंड कैबिनेट की बैठक है, सभी झारखंड आंदोलनकारी सरकार से अपेक्षा की नजर से देख रहे है कि आज झारखंड सरकार द्वारा झारखंड आंदोलनकारी की हित की बात की जाएगी। अगर झारखंडियों के हित की बात झारखंड सरकार नहीं करती है और झारखंड आंदोलनकारियों की उपेक्षा की जाएगी तो आने वाले समय में झारखंड आंदोलनकारी इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। साथ ही साथ बैठक में अन्य और कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी झारखंड आंदोलनकारियों को संगठित और अपने माँगों को लेकर अपनी पहचान अपने सम्मान अपने हक अधिकार के लिए आगे आए और बढ़-चढ़कर हिस्सा ले ताकि झारखंड आंदोलनकारी आश्रित परिवारों को उनका हक एवं अधिकार मिल सके।

## ऐतिहासिक गुतरू जतरा का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** सोमवार को ऐतिहासिक गुतरू जतरा का शुभारंभ गांव के पाहन द्वारा जतरा खूंटा में पूजा करके एवं प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, उपप्रमुख हरदेव साहु एवं अन्य अतिथियों ने फिता काट कर किया। जतरा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि गुतरू जतरा से हमारे क्षेत्र में जतरा का शुभारंभ माना जाता है, यहां गांव के पाहन पारंपरिक विधि से खूंटा की पूजा अर्चना करते है जिससे क्षेत्र हमेशा धन धान्य से परिपूर्ण रहता है और कोई प्राकृतिक आपदा नहीं आती है। जतरा देखने आये ग्रामीणों के लिए कमेटी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आये कलाकारों ने अपने नृत्य संगीत से मेलार्थियों का मनमोह लिया। नृत्य संगीत का मेलार्थियों ने जम कर लुत्फ उठाया। मेला में मिठाई एवं ईख की भरपूर बिक्री हुई। मेला के पूर्व परंपरा के अनुसार निःशब्द रात्रि में पुजारी रघु राम पाहन के द्वारा लाल मुर्गा का बली जतरा बुढ़िया के समक्ष दिया गया साथ ही मेला सफल सम्पन्न होने की याचना किया गया। मेला के सफल आयोजन में अध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव अशोक महतो, कोषाध्यक्ष नागेश्वर महतो, उपाध्यक्ष मधुसूदन पाहन, उपसचिव मोहन महतो, संरक्षक सत्यनारायण मुंडा, शिवचरण महतो, रामेश्वर महतो, शिव प्रसाद लोहरा, सतेंद्र महतो ,जागेश्वर महतो, सुरेश पाहन सहित सभी मेला समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं जिला परिषद मनोज बाजपेयी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुरेश बैठा, रामप्रवेश नायक, संजय पटेल, गंगधार महतो, विष्णु यादव, पनेश्वर महतो, गौरव महतो, निर्मल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### एम्बुलेंस चालकों को नहीं मिला तीन महीने का वेतन, किया चक्का जाम

## एंबुलेंस चालकों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, वेतन भुगतान की रखी मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** तीन महीने के बकाया वेतन की मांग को लेकर 108 एंबुलेंस के चालकों ने चक्का जाम कर दिया। सोमवार को पूरे जिले में 108 एंबुलेंस सेवा ठप रही। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर एंबुलेंस चालकों ने आंदोलन किया। साथ ही डीसी को वेतन भुगतान करने को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन को एक दिन का वक्त दिया है। यदि 15 अक्टूबर तक मानदेय का भुगतान नहीं होता है, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

**जेडएचएल और जीवीके ईएमआरआई कंपनी पर लगे गंभीर आरोप**

आंदोलन के दौरान एंबुलेंस चालकों ने कहा कि जीवीके ईएमआरआई और जेडएचएल कंपनी के द्वारा ईएमटी और ड्राइवर को कांटेक्ट पर रखा गया था। इन दोनों पदों पर नियुक्त कर्मियों को तीन माह का वेतन नहीं दिया गया है। जेडएचएल कंपनी पर 108 एंबुलेंस चालकों का जुलाई और अगस्त 2023 तथा जीवीके ईएमआरआई कंपनी पर सितंबर का वेतन भुगतान नहीं करने की बात कही गई है। आंदोलन कर रहे लोगों ने बताया कि उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर सातों दिन 24 घंटे सेवा दी है। इसके बावजूद मामूली वेतन पाने वाले कर्मियों का वेतन रोककर उन्हें भारी परेशानी में डाल दिया गया है। जीवीके ईएमआरआई कंपनी का खत्म हो चुका है कॉन्ट्रैक्ट

जीवीके ईएमआरआई कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट अगस्त में समाप्त हो चुका है। उसके द्वारा अभी तक किसी भी कर्मी को जॉइनिंग लेटर भी नहीं दिया गया है। इसके अलावा जेडएचएल कंपनी के द्वारा वेतन भुगतान नहीं करने का अलग ही कारण बताया जाता है। कंपनी के प्रतिनिधि कहते हैं कि उन्हें एनआरएचएम से भुगतान नहीं मिला है। जिसकी वजह से 108 एंबुलेंस चालक को के वेतन का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं।

### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने रामगढ़ में की समीक्षा बैठक

## ओवरलोड और अवैध परिवहन के खिलाफ सुनिश्चित करें कार्रवाई : आयुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** समाहरणालय सभा कक्ष में सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की शुरूआत सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार ने आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल पवन कुमार को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक के दौरान आंतरिक संसाधन (राजस्व संग्रह ), विभिन्न स्तरों के राजस्व न्यायालय वादों की समीक्षा, लंबित अन्य राजस्व विभाग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक के दौरान आयुक्त ने वन प्रमंडल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं फॉरेस्ट जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने व अवैध खनन के विरूद्ध व्यापक रूप से अभियान चलने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उन्होंने उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि जिले में जितने भी जितने भी कम्पोजिट शराब की दुकाने हैं उन सभी दुकानों का औचक निरीक्षण कर एमआरपी, डुप्लीकेसी आदि से संबंधित निरीक्षण करने का निर्देश दिया एवं किसी भी तरह से गलत पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में स्थित बार और क्लब का भी निरीक्षण कर मानकों का जांच करने का निर्देश दिया गया।जिला परिवहन द्वारा किए जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने ट्रांसपोर्टिंग में चलने वाले गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन को लेकर जिले के मुख्य मार्गो पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वाहनों की रिस्ट्रिक्शन प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने जिले में संचालित पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर दिए गए मानकों पर नहीं पाए जाने वाले संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग , भूमि सुधार निबंध विभाग, खनन विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा के उपरांत आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर श्री पवन कुमार ने राजस्व बढ़ोतरी को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, अपर समाहर्ता रामगढ़, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, उत्पाद आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बेड़ो में 108 एंबुलेंस की हड़ताल से गरीब मरीज हो रहे परेशान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की लाइफ लाइन 108 एंबुलेंस के हड़ताल से गरीब मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं कई ऐसे मरीज भी हैं जिन्हें डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया है। लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने से वे अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को बेड़ो सीएचसी पहुंचने में परेशानी हो रही है। साथ ही गंभीर बीमारी वाले मरीजों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के जरूरतमंद निजी वाहन या ऑटो से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंच रहे हैं। जहां सोमवार को प्रखंड से टेरो व बोदा से गर्भवती महिलाएं ऑटो से सीएचसी पहुंची वही घाघरा रेयाज मल्लिक अपने बेटे को भी ऑटो से लेकर बेड़ो सीएचसी पहुंचे। वहीं महिलाओं इनके स्वजनों ने कहा हमें ऑटो से आने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इटकी के डोला सुगदा अंकित सिंह बाइक से अपनी मां को लेकर सीएचसी पहुंचा। जबकि सरकार द्वारा 108 एम्बुलेंस की निःशुल्क सुविधा दी जाती है। लेकिन उन्हीं एम्बुलेंस कर्मियों को महीनों से वेतन नहीं दिए जाने से वे आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि हम लोग अपनी जान जोखिम में डालकर चौबीसों घंटे जनता की सेवा के लिए हाजिर रहते हैं। बदले में हमें क्या मिलता है। कोरोना काल में भी हम डटे रहे,उस हाल में भी हमने अपने परिवार का फिक्र किए बगैर लोगों की सेवा की और आज हम भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। हमारी समस्या को हल करने वाला कोई नहीं है। ऐसे में अब जब तक हमारे बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक हम लोग हड़ताल पर रहेंगे।




सूर्योदय प्रातः 5:46 | सूर्यास्त संध्या 5:23 | पखवाड़ा आश्विन शु. द्वादशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 25° न्यूनतम 22°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, वर्ष : 15, अंक : 242, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,973.05 | 591.69 (0.73%) |
| निफ्टी | 25,127.95 | 163.70 (0.66%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 77,620.00 |
| चांदी | 970.00 |

## ● झारखंड कैबिनेट ने 29 प्रस्तावों पर लगायी स्वीकृति की मुहर

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से अब मिलेंगे ढाई हजार प्रतिमाह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से अब राज्य की योग्य लाभुक महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह के बजाय 2500 रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि देने का फैसला हुआ।

यानी साल में अब 12 हजार रुपये के बदले 30 हजार रुपये महिलाओं को मिलेंगे। अगस्त से प्रारम्भ हुई इस योजना में महिलाओं को एक हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है। दिसम्बर से अब 2500 रुपये भेजने की तैयारी है। इसका लाभ 50 लाख महिलाओं को मिलेगा और सरकार को अतिरिक्त नौ करोड़ रुपये वित्तीय भार सालाना पड़ेगा।

कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने बताया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ आठ लाख रुपये की राशि मंजूर की गयी। नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा,




दुमका के साथ-साथ बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोले जायेंगे। गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ की पथ परियोजना की स्वीकृति हुई। मनरेगा के साथ अभिसरण से बन रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों की कुल राशि 11.66 लाख खर्च होगी। कृष्णा राय जल प्रमंडल दुमका की सेवा अविधि का दैनिक वेतन अवधि में जोड़ करके पूरी राशि देने का फैसला हुआ। ज्ञानोदय योजना के तहत 50 प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने की स्वीकृति मिली। बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड के बकाया स्वीकृत करने के लिए 38 करोड़ मंजूर किया गया।

अनाथ और दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन फीस मिलेगी।

राज्य के दिव्यांग, अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए निःशुल्क ट्यूशन फीस देने की स्वीकृति दी गयी। इस योजना पर सालाना 24 करोड़ खर्च होगा। यह ट्यूशन फीस 10 लाख रुपये अधिकतम सालाना दी जायेगी। इसके ऊपर उन्हें खुद वहन करना पड़ेगा। इसमें प्रतिमाह 4000 उच्च शिक्षा के लिए दी जायेगी। हॉस्टल इत्यादि खर्च के लिए राशि अलग से नहीं दी जायेगी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी सर्जरी

**हार्ट में थे ब्लॉकेज**

**मुंबई :** शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री को सोमवार सुबह गिरगांव में स्थित रिलायंस हरकिशन दास अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में आज ही उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गई है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार उद्धव ठाकरे को पिछले दो दिनों से तकलीफ हो रही थी। इसी वजह से आज सुबह वे रिलायंस अस्पताल में नियमित जांच के लिए गए। अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की गई। इसके बाद एंजियोग्राफी की रिपोर्ट ब्लाकेज होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उद्धव ठाकरे को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया और उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। अब उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उद्धव ठाकरे की इससे पहले 2012 में लीलावती अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी। करीब 12 साल बाद दोबारा उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है।

### शाह आज आईपीएस प्रोबेशनर्स से करेंगे संवाद

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को नई दिल्ली में 76 आरआर (2023 बैच) के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रोबेशनर्स के साथ बातचीत करेंगे। बातचीत के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी केन्द्रीय गृह मंत्री के साथ अपने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में युवा पुलिस अधिकारियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। बैठक के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए गृह मंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

**मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र**

# स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त

- निजी क्षेत्र के सहयोग से विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम
- गम्भीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में सम्भव हो, इसके लिए प्रयास जारी
- मुख्यमंत्री ने मुम्बई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी किया ऑनलाइन शिलान्यास



### मुख्यमंत्री ने कहा

- राज्य में नियुक्तियों का सिलसिला जारी, कोई भी महीना ऐसा नहीं, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन नहीं हुआ हो

### मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा

- अपनी सेवा से ग्रामीणों का विश्वास जीतें, तभी राज्य की व्यवस्था मजबूत बनेगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। नियुक्तियों के इसी क्रम में आज एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है। लगभग 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभायेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए ये बातें कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुम्बई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड- सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता जतायी।

**इस राज्य की जनता के प्रति जो जिम्मेदारी मिली है, उस पर खरा उतरें**

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करनेवाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड देश के सबसे गरीब एवं पिछड़े राज्य में गिना जाता है। आपकी नियुक्ति स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए हुई है। आप सभी को राज्य के सुदूर और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम करने का ● शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड में ईडी का 20 जगह छापा



- मंत्री, आलाधिकारियों, इंजीनियर्स से सम्बन्धित ठिकानों पर दबिश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीमों ने राजधानी रांची से लेकर चाईबासा तक दबिश दी है। टीमों ने आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेन्द्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गयी है। रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड में विजय अग्रवाल के आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है।

ईडी की यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गयी है। इस मामले में अधिवक्ता सुजीत कुमार पर ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर (इकोनॉमिक ऑफेंस कम्प्लेंट रिपोर्ट) दर्ज की है।

ईडी ने इससे पहले आठ अक्टूबर को भी इसी मामले में रांची, धनबाद और पटना के आधा दर्जन ठिकानों पर छापा मारा था। इन ठिकानों में पंडरा क्षेत्र में रहनेवाले अधिवक्ता सुजीत कुमार, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम, पूर्व अंचलाधिकारी सह धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, नामकुम के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण और जमीन कारोबारी संजीव पांडेय से जुड़े ठिकाने शामिल थे। इस छापे के दौरान ईडी ● शेष पृष्ठ 11 पर

### विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 का उद्घाटन आज

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ - विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन करेंगे। डब्ल्यूटीएसए, अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ, डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के मानकीकरण कार्य के लिए यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जो हर चार साल में आयोजित किया जाता है।

### वाइस एडमिरल कविता सहाय ने डीजी चिकित्सा सेवा का कार्यभार सम्भाला



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय ने सोमवार को नयी दिल्ली में महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) के रूप में कार्यभार सम्भाल लिया है। उन्होंने पैथोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल की है और वह नयी दिल्ली के एम्स से ऑन्को पैथोलॉजी में सुपर स्पेशलाइज्ड हैं।

फ्लैग ऑफिसर को 30 दिसम्बर, 1986 को सेना चिकित्सा कोर में कमीशन दिया गया था। प्रतिष्ठित सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय पुणे की पूर्व छात्रा कविता सहाय आर्मी रिसर्च और रेफरल अस्पताल तथा बीएचडीसी में प्रोफेसर और लैब साइंसेज विभाग की प्रमुख रही हैं। वह पुणे के सशस्त्र सेना मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी विभाग में भी प्रोफेसर रही हैं। यह पदभार सम्भालने से पहले वह आर्मी मेडिकल सेंटर की पहली महिला कमांडेंट थीं। वह सेना चिकित्सा कोर की कर्नल कमांडेंट के ● शेष पृष्ठ 11 पर

### भारत ने पाकिस्तान को चीन से हथियार सहायता मिलने पर जतायी चिन्ता



- हिन्द महासागर में बढ़तीं गतिविधियों के मद्देनजर चीनी नौसेना पर भी नजर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने पाकिस्तान को चीन से उपकरण और हथियार सहायता मिलने पर चिन्ता जतायी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों से समझौता न होने पाये, इसके लिए हमने एक रणनीति बनायी है। पड़ोसी चीन की बढ़ती नौसेना के बारे में उन्होंने कहा कि यह संख्या बल के मामले में सबसे बड़ी नौसेना बन गयी है। हिन्द महासागर में बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर हम चीनी नौसेना पर भी नजर रख रहे हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने सोमवार को चेन्नई से करीब 40 किलोमीटर दूर लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के कट्टुपल्ली शिपयार्ड में बहुउद्देशीय सपोर्ट शिप 'समर्थक' को लॉन्च किया। यह पहला ऐसा जहाज है, जिसे रक्षा और सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह युद्ध और निगरानी में ड्रोन तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के लिए एक समाधान है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए एक महत्त्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इन बहुउद्देशीय जहाजों से नौसेना के शस्त्रागार की क्षमता बढ़ेगी। ये जहाज लगभग 3,600 टन के हैं और इनका इस्तेमाल कई गतिविधियों के लिए किया जायेगा, जिसमें स्वदेशी हथियारों, सेंसर और उपकरणों का परीक्षण शामिल होगा। पाकिस्तान को चीन से उपकरण और हथियार सहायता मिलने के बारे में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि चिन्ता की बात से कहीं अधिक यह आश्चर्यजनक है कि जो लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय सहायता की भीख मांग रही है, वह अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए धन कैसे जुटा सकती है। हम पाकिस्तान की नौसेना में क्या हो रहा है, इस पर नजर रख रहे हैं। उन्हें विभिन्न स्रोतों से किस तरह के हथियार और प्लेटफॉर्म ● शेष पृष्ठ 11 पर




## एक झलक

### अल्पसंख्यक जिला मंत्री शेख मेराज के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर

**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ के निष्ठावान कार्यकर्ता अल्पसंख्यक जिला मंत्री शेख मेराज का रांची रिम्स में बीती रात को इलाज के दौरान निधन हो गया। इस खबर से भाजपा विष्णुगढ़ तथा जिले में शोक की लहर दौड़ गई। इस विकट घड़ी में शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने कहा कि शेख मेराज भारतीय जनता पार्टी के लिए विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहे, जिसकी तुलना कठिन है। स्वभाव से सरल और मृदुभाषी थे। इस कठिन परिस्थिति में भगवान इनके परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करे। भाजपा के पूर्व जिला महामन्त्री विपिन कुमार सिन्हा ने भी दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शेख मेराज जैसा कार्यकर्ता और साथी आज हमने खो दिया जो अत्यंत ही दुखदाई है। ईश्वर इनकी आत्मा को शान्ति प्रदान कर इन्हें अपने श्री चरणों मे स्थान दें। शेख मेराज की असमय निधन से दुखी होकर सैकड़ो लोगो ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से डोमन गुप्ता,सुनील कुमार वर्मा,सुनील कुमार मिश्रा, सुशील कुमार महतो,निर्मल कुमार,गौतम भारती,राजेश सोनी, हरि यादव,धर्मवीर यादव,भीम राम,रीना बर्मन,अंजू देवी समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### नहीं रहे जनसंघ के संस्थापक सदस्य वनमाली राम, विभिन्न संगठनों ने किया शोक व्यक्त

**कोडरमा :** जनसंघ के संस्थापक सदस्य बनमाली राम के निधन से सामाजिक संगठन, राजनीतिक और धार्मिक जगत में गहरा शोक व्याप्त है। 94 वर्षीय वनमाली राम ने सोमवार को विद्यापुरी स्थित अपने निवास स्थान में अंतिम सांस ली। उनकी समाजसेवा और विचारशीलता के कारण उन्हें माहुरी समाज ने ₹समाज चिंतक₹ की उपाधि से नवाजा था। वर्ष 2022 में माहुरी वैश्य महामंडल गिरीडीह द्वारा आयोजित 109वें वार्षिक अधिवेशन में उन्हें यह सम्मान दिया गया था। बनमाली राम का जीवन समाज सुधार और संगठन के कार्यों में समर्पित रहा। माहुरी समाज के उत्थान के लिए उन्होंने जीवनभर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने ₹मनीराम भदानी शिक्षा न्यास₹ की स्थापना कर समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया। उनकी सक्रियता केवल समाज सुधार तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने धार्मिक प्रचार-प्रसार में भी अहम भूमिका निभाई। 1970 और 1974 में उन्होंने ₹सिद्धीदात्री माँ मथुरासिनी पूजन₹ का आयोजन कर माहुरी समाज में धार्मिक परंपराओं को मजबूत किया। उनके संकलन में तैयार की गई ₹दैनिक वंदना₹ को समाज में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया और नियमित पूजा पद्धतियों के लिए मार्गदर्शन का स्रोत बनी। राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्होंने झुमरी तिलैया नगर और कोडरमा जिले में भारतीय जनता पार्टी के विकास के लिए अनेक प्रयास किए। वह हजारीबाग जिला समिति में उपाध्यक्ष और कोडरमा जिला में पार्टी के प्रथम अध्यक्ष रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी उन्होंने नगर कार्यवाह के रूप में सेवाएं दीं और संघ की गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया। बनमाली राम के अंतिम संस्कार में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए। उनके पुत्र आशुतोष भदानी विहिप एवं कई धार्मिक संगठन से जुड़े है। इधर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, माहुरी महामंडल के उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, अरुण सेठ, डॉ सागरमणि सेठ, सुनील भदानी, मुन्ना भदानी, अधिवक्ता सुरेंद्र आर्या, प्रदीप सुमन, रीमा देवी, संतोष सेठ, जयंती सेठ, सुषमा सुमन, मनोज पहाड़ी, राजेश कप्सिमे, अविनाश सेठ, मनीष कप्सिमे सहित अन्य ने उनके निवास जाकर शोक संवेदन प्रकट किया।

# मातारानी को नम आंखों से दी विदाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के रमुआ सार्वजनिक दुर्गा मंदिर से सोमवार को मां दुर्गा को पारम्परिक ढोल नगाड़ों के बीच महिलाओं ने सिन्दूर खेला कर मातारानी को नम आंखों से विदाई दी गई। इस दौरान हजारों की तादात में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तों की जनसैलाब उमड़ पड़ी। मां दुर्गा के भव्य शोभा यात्रा विदाई में हजारो की तादात में महिला, पुरुष और बच्चे मां दुर्गा की जयकारा लगाते हुए साथ साथ नगर भ्रमण कर विष्णुगढ़ के ऐतिहासिक बड़कीबांध में मां जगतजननी जगदंबा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दशहरा पर्व में जगह-जगह पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे, साथ ही सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों ने व्यवस्थित ढंग



नवरात्रि के प्रारम्भ पूर्व से एक-एक कार्यक्रम का विधिवत पालन करते दशहरा पर्व को सम्पन्न करने में अहम भूमिका अदा की। नगर भ्रमण के मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई), उपाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह (इटवाटांड़), सचिव अजय कुमार, सह सचिव मुकेश कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष शशि कुमार लाहकार, उपकोषाध्यक्ष अजय कुमार बरनवाल, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, कार्यकारिणी सदस्य मनोज यादव, प्रकाश प्रसाद बर्मन, कारू प्रजापति (बड़ा), कारू प्रजापति (छोटा), माणिक यादव, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार(बबलू), जय प्रकाश सिंह,विवेक कुमार गुप्ता, अनुभव भारती,अविनाश कुमार, दिलीप साव, कारू मिश्रा, दीपक सोनी, संदीप लाहकार, अनुज कुमार, दिनेश प्रसाद(शीतल होटल), अजय साव(बबलू),किशोर कुमार मंडल, अरुण कुमार सिन्हा, महेश प्रसाद,राकेश कुमार बरनवाल, पवन कुमार महतो, राजकुमार ठाकुर, हिरामन महतो शामिल रहे। दुर्गा पूजा के प्रारंभ और निर्माण से जुड़े अभिभावक पूजा समिति में बतौर संरक्षक, पथप्रदर्शक के तौर पर शंभूलाल यादव, गुरुप्रसाद साव, जयवीर प्रसाद बर्मन, किशोर कुमार मंडल, विनोद सिंह, मिश्रीलाल आजाद, त्रिवेणी प्रसाद बर्मन समेत हजारो की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।

## 108 एंबुलेंस कर्मियों को तीन माह से वेतन भुगतान नहीं, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये

**पलामू :** 108 एंबुलेंस के तहत कार्यरत कर्मचारियों का तीन महीने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। कर्मियो में ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) और ड्राइवर शामिल हैं। सभी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इनकी संख्या 92 है, जबकि एम्बुलेंस की संख्या 32 है, जिसमें 28 चालू हालत में है व चार खराब है। दोनों स्तर के कर्मियों ने एनआरएचएम से स्थाई करने की मांग है। साथ ही मांग पूरी होने तक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। इस सिलसिले में कर्मियों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सदर को लिखित आवेदन सौंपा गया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ने कहा कि बार-बार टेंडर बदलने के कारण नई एजेंसी के द्वारा रजिस्ट्रेशन के नाम पर ड्राइवर से 15 हजार और ईएमटी से 25 हजार रुपए की मांग की जाती है। हर 6 महीने में कंपनी बदल जाती है। रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं देने पर उन्हें काम से हटा देने की चेतावनी दी जाती है। हमेशा नौकरी जाने का भय बना रहता है। ऐसे में उन्हें एनआरएचएम से स्थायी किया जाए एवं पेमेंट किया जाए। कर्मियों ने कहा है कि विगत तीन माह (एक माह का जीवीके ईमरी एवं दो माह का पिछली कंपनी जेडएचएल) का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में उनके समक्ष भारी आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उनकी 24 घंटे और सातों दिन सेवा ली जाती है। जुलाई और अगस्त 2023 का जेडएचएल एवं सिमंबर 2024 का जीवीके ईमरी कंपनी के तहत अभी तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है।

## जेबीकेएसएस ने वितरण किये सैकड़ों पौधे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर महानवमी, विजयदशमी एवं एकादशी के दिन मांडू विधानसभा के युवा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में जल, जंगल और जमीन बचाव जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मां दुर्गा पूजा पंडालों में शिरकत कर माता रानी के दरबार में प्रखंड एवं जिला कमिटी टीम के साथ पूजा कमिटी एवं श्रद्धालुओं के बीच पौधा वितरण किया गया। इस दौरान मुकेश महतो ने कहा कि जिला और प्रखंड कमिटी के साथ लगातार तीन दिनों से माता रानी के दरबार में पहुंच कर जल, जंगल और जमीन बचाव पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का



काम कर रहे हैं। दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे अधिक से अधिक संख्या में लोगों तक पहुंचने का बेहतर उपाय था, जो हमलोगों ने बखूबी इस मिशन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का काम किया। साथ ही उन्होंने बताया कि मांडू, डाड़ी प्रखंड में लगे कई फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषित धुआं से वातावरण दूषित हो रहे हैं, जल प्रदूषित हो रहे हैं। अशुद्धता की वजह से कैंसर जैसे कई बीमारियों से लोग पीड़ित हैं। कोयला और पत्थर खनन के लिए लोगों के जमीनों को लुटा गया है, जंगलों को उजाड़ा गया है। बहुत ही दुर्भाग्य है की अभी तक स्थानीय नेताओं द्वारा जनता के हित में कोई पहल नहीं की गई है। आगामी विधानसभा चुनाव में जेबीकेएसएस (जेएलकेएम) विधानसभा चुनाव जीत कर आती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पलायन पर रोक, स्थानीय एवं नियोजन नीति, विस्थापन नीति, पर्यावरण सरंक्षण जैसे कई नए नियमों के साथ जनता के हित में पूरे मांडू विधानसभा में बेहतर कार्य करेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष सह उपप्रमुख सरयु साव, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, सुरेश कुमार, भूपेंद्र महतो, सन्नी कुमार, गंगाधर कुमार, नरेश महतो, प्रदीप कुमार, विशेश्वर कुमार, गुलाब महतो, निर्मल महतो, धानेश्वर महतो, बिनोद कुमार, राजकिशोर महतो, संतोष कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## झारखंडी एकता संघ के अथक प्रयासों से मुंबई में झारखंड भवन का हुआ शिलान्यास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** महाराष्ट्र स्थित नवी मुंबई के प्लॉट 2सी सेक्टर 30ए वाशी में सोमवार को 11 बजकर 5 मिनट में झारखंडी एकता संघ के पिछले 2 दशक के अथक प्रयासों से झारखंड भवन का हुआ शिलान्यास। उक्त जानकारी देते हुए विष्णुगढ़ के चेडरा निवासी झारखंडी एकता संघ के प्रवक्ता असगर खान ने बताया कि झारखंडी एकता संघ का ये अनमोल तोहफा मुंबई में आने और रहनेवाले जरूरतमंदों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जननेता विधायक विनोद सिंह ने 20 वर्ष के सपनों को साकार कर दिया। इसके अलावा असगर खान ने बताया




कि पिछले 20 सालों से मुंबई में झारखंडी एकता संघ के द्वारा झारखंड भवन के निर्माण के लिए लगातार मांग की जा रही थी। एकता संघ 20 सालों से झारखंड के लोगों के लिए भारत के सभी बड़े शहरों में लगातार मदद करने का काम कर रही है, डेड बॉडी को झारखंड भेजना, परीक्षा में आये हुए बच्चों के लिए ठहरने का मकबूल इंतजाम करना, कैंसर पेशेंट के लिए की किफायती डिस्काउंट रेट में गेस्ट हाउस मुहैया कराना आदि कई काम में अग्रसर है। बता दें कि झारखंड भवन कुल 2576.93 स्क्वायर मीटर में निर्मित है, जिसमें कुल 57 डीलक्स रूम है और कुल 171 लोगों के ठहरने की क्षमता है। इसके साथ ही 9 वीवीआईपी स्वीट्स रूम भी उपलब्ध हैं और बड़ी संख्या में सभी प्रकार के वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध है। झारखंडी एकता संघ की ओर से इस मांग को पूरा करने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

## छडवा डैम में धर्मेंद्र गोप ने छलांग लगा कर की आत्महत्या

**शोक**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसाडी :** कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर निवासी धर्मेन्द्र गोप ने छडवा डैम छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। धर्मेन्द्र गोप पिता संतोष गोप उम्र 22 गांव कंचनपुर निवासी ने दुर्गा पूजा में जागरण देखकर घर आया और सुबह में अपना मोटरसाइकिल लेकर निकला, धर्मेन्द्र गोप अपने आस पास के गांवों में जाकर दुध इकठ्ठा करने का काम किया करता था।घर के लोगों को इस बात का अंदेशा नहीं था कि इतना बड़ा घटना हो सकता है। नित्य दिनों कि तरह घर से निकला काफी समय हो जाने के बाद पता चला कि छडवा डैम के पुल के पास में ही मोटरसाइकिल और चप्पल देखा गया।गांव के लोगों ने स्थानीय ओ पी पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय को सूचना दिया गया। और थाना प्रभारी ने कहा कि सुबह में एन डी आर एफ टीम भेजकर शव को बहार निकालने कि बात कहा। धर्मेन्द्र गोप का डैम में डुबे होने का अशांका सूचना गांव में मिलाते हि गांव के सैकड़ों लोगों छडवा डैम के पुल के पास छगर से खोज बीन करते हुए काफी अंधेरा होने के कारण गांव के लोग खाली हाथ लौटना पड़ा। सोमवार सुबह में फिर पुल के पास झगर फेंका गया और झगर के पकड़ लिया और शव को बहार निकला गया। मृतक धर्मेन्द्र गोप का शव को ओ पी पेलावल पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भीखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया।

## सेल के ठेका ड्राइवर ने अपनी मांगों को लेकर किया आन्दोलन




**पाथरडीह (धनबाद) :** सेल चासनाला कोलियरी के स्कूल बस के हालिया ठेका ड्राइवर तथा खलासी ने कार्य पर पुनः रखने, बकाया वेतन का भुगतान करने, बार्षिक बोनस, पीएफ कटौती की जानकारी की मांग को लेकर सोमवार को ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन व नारेबाजी की। जिस कारण स्कूल बस नहीं चली और छात्र अभिभावकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। बस ठेकेदार मुकेश सिंह के मुंशी द्वारा दूसरे नए ड्राइवर से स्कूल बस चलाने चासनाला पहुँचे। जिसपर पुराने ड्राइवर ने विरोध कर परिचालन ठप कर दिया। जिससे क्षेत्र के लगभग 250 बच्चे स्कूल नहीं जा सके। इस दौरान ड्राइवर व खलासी ने ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। वही चालको ने कहा कि ठेकेदार मुकेश सिंह ने बीते 7 अक्टूबर को हम सभी को स्कूल बंद होने के बाद गाड़ी लेकर अपने आवास जामाडोबा बुलाया और कहा कि ड्राइवर को जो 776 रुपये मिलते हैं, उसमें से 500 रुपये रखकर 276 रुपये व खलासी को मिलने वाली 525 रुपये में से 175 हमें वापस करे, नहीं तो काम छोड़ दे। जिसपर सभी बस चालकों ने विरोध जताई और अपना वेतन लेने से मना कर दिया। जिसपर ठेकेदार मुकेश सिंह ने कहा तुम लोगों को काम पर आने की जरूरत नहीं है अपने लिए दूसरा काम देख लो। हम दूसरा ड्राइवर खलासी रख लगे। बस चालकों ने कहा कि पिछले 12-13 वर्षो से हमलोग यहाँ काम कर रहे हैं, और ठेकेदार हमसे हमारा हक छीन रहा है। हमलोगों को सितम्बर माह का वेतन, बोनस तक नही मिला, हमलोगों के पीएफ का कोई अता पता नहीं है। जेएमएम के वरीय नेता संतोष महतो ने कहा कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों का प्रताड़ित किया जा रहा है। अगर इन्हें न्याय नहीं मिला तो इनके समर्थन में टासरा रेलवे साइडिंग के कर्मी आंदोलन में उतर आएंगे तो पूरे कोलियरी का चक्का जाम कर देंगे।

## चित्रगुप्त पूजा व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री चित्रगुप्त पूजा सह पूरे परिवार का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में 2024 में आयोजित होने वाले पूजा के लिए शुभम प्रकाश को पूजा प्रभारी बनाया गया। शुभम प्रकाश ने बताया कि ये हम सब के लिए बहुत खुशी का बात है की हजारीबाग नही बल्कि पूरे झारखंड बिहार में ये एक मात्र मंदिर है जो पूरे परिवार के साथ स्थापित है और इस पूरे परिवार का प्राण प्रतिष्ठा इस वर्ष 03 नवंबर को होना है इसके लिए हम सब अभी से ही तयारी में जुट चुके हैं और तमाम लोगो से आग्रह भी करते है की आप सभी अपना समय दे कर पुण्य के भागी बने। पूजा प्रभारी सुभम प्रकाश ने पूजा को सफल बनाने हेतु एक समिति का भी गठन किया है। मौके पर राज प्रकाश, बॉबी, अनुपम सिन्हा, दीप प्रकाश, सूमो प्रकाश, अमित सिन्हा, अनुज सिन्हा, बप्पी कारण, अन्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने इस बात में सहमति जतायी।

## दर्जनों महिलाओं व छात्राओं ने अटल विचार मंच का थामा दामन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** अटल विचार मंच, हजारीबाग की सदस्यता प्रभारी प्रियंवदा के नेतृत्व में बाडम बाजार के दर्जनों महिलाओं एवं छात्राओं ने अटल विचार मंच का दामन थामा। सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं ने कहा कि यशवंत सिन्हा के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास हो सकता है। उनके नेतृत्व में ही झारखंड राज्य को भय, भूख, भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर सदस्यता प्रभारी प्रियंवदा ने कहा कि अटल विचार मंच से जुड़ने के लिए हजारों महिलाएं तैयार हैं। अगर हमें मान सम्मान के साथ अपना जीवन व्यतीत करना है तो अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा



के हाथों को मजबूत करना होगा। अटल विचार मंच के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए हर राजनीतिक दल चिंतित है। झारखंड की जनता ने उन सभी राजनीतिक दलों के विकल्प के रूप में अटल विचार मंच को चुनने का निर्णय कर लिया है। जनता की एक ही आवाज है यशवंत है तो मुमकिन है, बाकी सब धोखा है। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

### पिस्टल व चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**चतरा :** टंडवा पुलिस ने दो दिनों पूर्व हुई लूट कांड का उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने मामले में शामिल एक लुटेर को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त कामता गांव निवासी पंकज दास का नाम शामिल हैं। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरे की निशानी पर लूटे गए एक मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल फोन सहित एक पिस्टल एवं दो चक्र गोली को बरामद किया है। गिरफ्तार पंकज ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के हरदाहि जंगल के समीप से अर्जुन गंझू नामक व्यक्ति से हथियार के बल पर मोटरसाईकिल की लुट की थी। इस दौरान पुलिस ने लुट से जुड़े एक अन्य मामले का भी उद्वेदन किया है।

## जेएसएलपीएस कर्मियों की कार्यनीति, कार्यशैली एवं अनुभव को देखते हुए उनके मानदेय में हो बढ़ोतरी : अनुप्रिया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सोमवार को अनुप्रिया फाउंडेशन के संस्थापक अनुप्रिया साव ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से भेंटकर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड सोसायटी के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों के मानदेय बढ़ोतरी हेतु ज्ञापन सौंपा। अनुप्रिया साव ने मंत्री इरफान अंसारी को जेएसएलपीएस कर्मियों के मानदेय से संबंधित वर्तमान समस्याओं से अवगत कराया। अनुप्रिया साव ने बताया कि जेएसएलपीएस संगठन ग्रामीण विकास में झारखंड के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ है, अपने स्थापना कल से लेकर अभी तक झारखंड के कई विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में जेएसएलपीएस ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



जेएसएलपीएस के कर्मियों को उनके दृढ़ संकल्प एवं मजबूत इच्छा शक्ति के लिए जाना जाता है जो झारखंड के विकास में अपना सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है। परंतु वर्तमान समय में जेएसएलपीएस के कर्मी महंगाई का मार झेल रहे, इसके अंतर्गत कार्य करने वाले सक्रिय महिला को 1500, आजीविका पशु सखी को 1700 एवं आजीविका कृषि सखी को 1000 का मानदेय प्रति माह के दर से दिया जाता है जो इस मंहगाई के दौर में नगण्य है। इसी कारण जेएसएलपीएस के सभी कर्मी हतोत्साहित एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इनके कार्यनीति, कार्यशैली व अनुभव को देखते हुए सभी कर्मियों का मानदेय 15000 रुपये प्रतिमाह करने का सुझाव अनुप्रिया साव ने मंत्री इरफान अंसारी को दिया है।

# ओवरलोडिंग अवैध परिवहन आदि के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई : आयुक्त

**बैठक**

- प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, पवन कुमार की अध्यक्षता में हुआ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन
- वन भूमि के अतिक्रमण को रोकने हेतु अभियान मोड पर करें कार्य : आयुक्त
- आयुक्त ने एमआरपी से अधिक रेट पर बेचनेवाले कंपोजिट शराब दुकानों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सोमवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक के शुरूआत सर्वप्रथम उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, पवन कुमार को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक के दौरान आंतरिक संसाधन (राजस्व संग्रह), विभिन्न स्तरों के राजस्व न्यायालय वादों की



समीक्षा, लंबित अन्य राजस्व विभाग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक के दौरान आयुक्त ने वन प्रमंडल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं फॉरेस्ट जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने व अवैध खनन के विरूद्ध व्यापक रूप से अभियान चलने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उन्होंने उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि जिले में जितने भी जितने भी कम्पोजिट शराब की दुकाने हैं उन सभी दुकानों का औचक निरीक्षण कर एमआरपी, डुप्लीकेसी आदि से संबंधित निरीक्षण करने का निर्देश दिया एवं किसी भी तरह से गलत पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में स्थित बार और क्लब का भी निरीक्षण कर मानकों का जांच करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन द्वारा किए जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने ट्रांसपोर्टिंग में चलने वाले गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन को लेकर जिले के मुख्य मार्गो पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वाहनों की रिस्ट्रिक्शन प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने जिले में संचालित पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर दिए गए मानकों पर नहीं पाये जाने वाले संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग, भूमि सुधार निबंध विभाग, खनन विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा के उपरांत आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर पवन कुमार ने राजस्व बढ़ोतरी को लेकर कई दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, अपर समाहर्ता रामगढ़, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, उत्पाद आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को 'राजकीय परम्परागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला)' के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरु बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

### चर्च में चोरी का प्रयास, कई कीमती सामानों को तोड़ा

**रांची :** बरियातू रोड स्थित सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट चर्च में अपराधियों ने चोरी करने का प्रयास किया। इस दौरान अपराधियों ने चर्च में रखे कई कीमती सामानों को तोड़ दिया। दानपेटी में रखे पांच-छह सौ रुपये भी ले गये। इस संबंध में चर्च के इंचार्ज कोर्नेलियस मुर्मू ने सदर थाना में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें उन्होंने कहा कि अपराधी चर्च के मेन गेट का ताला तोड़ कर अंदर घुसे और सारा सामान को उलट-पलट कर दिया। इस दौरान चर्च के अंदर रखे माइक, कैमरा का की-बोर्ड, स्पीकर, प्रोजेक्टर, टेबल, एम्लीफायर का की-बोर्ड आदि को तहस-नहस कर दिया। दान पेटी को तोड़ कर उसमें रखे रुपये ले गये। साथ ही बाइबल, गाना की किताब आदि को भी क्षति पहुंचायी। आरोप है कि एक समुदाय विशेष की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया। मुर्मू ने सदर पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### छात्रा को महीनों से परेशान करने का आरोप, एफआईआर दर्ज

**रांची :** बीआइटी मेसरा क्षेत्र की रहने वाली एक प्रतिष्ठित स्कूल की छात्रा को चुटु गांव का युवक अरमान आदिल उर्फ साजन कई महीनों से परेशान कर रहा है। छात्रा के भाई और पिता के जरिये मना करने पर उन्हें जान मारने की धमकी दी। इस संबंध में छात्रा की मां ने सोमवार को बीआइटी मेसरा ओपी में शिकायत दर्ज करायी, जिसके आधार पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी पुत्री प्रतिदिन ऑटो से स्कूल जाती है तो उक्त युवक मेरी पुत्री को परेशान कर रहा है। छात्रा के पिता और भाई ने अरमान आदिल को समझाने का प्रयास किया तो वह उन्हें जान मारने का धमकी देने लगा। इतना ही नहीं साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर लौटने दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया। कई बार मना करने के बाद वह नहीं माना और छात्रा का पीछा करता रहता है। अब तो वह छात्रा के ऑटो से बैठने से लेकर स्कूल के पास ऑटो से उतरने तक उसका पीछा करता है। युवक का मोबाइल नंबर का पता लगा कर हमलोग उसे समझाने का प्रयास किये लेकिन वह नहीं माना। आरोप है कि अरमान आदिल आपराधिक किस्म का युवक है और जेल भी जा चुका है। छात्रा की मां ने प्राथमिकी में लिखा है कि लगातार पीछा करने से उनकी पुत्री हमेशा दहशत में रहती है और काफी डरी-सहमी है। छात्रा के परिवार वालों ने पुलिस से उक्त युवक पर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

---

### विधानसभा निर्वाचन में अवैध निर्वाचन व्यय और एमसीसी उलंघन के मामलों पर एसएसटी एवं एफएसटी रखेंगे पैनी नजर

# निर्वाचन के दौरान सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की होगी जांच

**▪ निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : के. रवि कुमार**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें, इसकी मॉनिटरिंग हर स्तर पर की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करें। वह आज सभी जिलों में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एसएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय एवं एमसीसी उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है। उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से दिये गये सम्पर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए, कार्य करना है। निर्वाचन के दौरान बने सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की चेकिंग की जायेगी। साथ ही, सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामाग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है, उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है। इस हेतु सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करें। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से सम्बन्धित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सी-विजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वहीं, सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने आवले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टोलेशन एवं इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

---

## सीएम ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की ली जानकारी



▪ सांसद से की बातचीत, कुशलक्षेम जाना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को रिम्स पहुंचे। वहां उन्होंने कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती युवा गोलीकांड के शहीद वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सांसद कालीचरण सिंह एवं शहीद वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज एवं जरूरी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

---

## सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर की बैठक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की सोमवार को रांची के दलादिली स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय में हाई लेवल की बैठक आयोजित की गयी। पार्टी के संयोजक मनोज कुमार, राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने बैठक में पार्टी के जरिये प्रदेश में चल रही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न पर रोक, मानव तस्करी, पलायन तथा सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, पल्स, विश्वामित्र, इत्यादि दर्जनों नॉन बैंकिंग कंपनी में लोगों के जमा पैसे के जल्द भुगतान की मांग जैसे राज्यहित की मांगों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाने एवं समाधान निकालने के लिए पार्टी के जरिये घोषित प्रत्याशियों को राज्य की जनता से चुनाव जीता कर विधानसभा भेजने की अपील की गई। साथ ही पार्टी के जरिये झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए दूसरी सूची 21 अक्टूबर को जारी करने के लिए प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मैंना उरांव, सुखदेव कुमार, आदित्य सिंह, जोहन एक्का, बसंत बड़ाइक उपस्थित थे।

---

## जो साथी छोड़ गये उन्हें साथ लाना है : हिमंत विश्व सरमा

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं जमुआ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी डॉ मंजू कुमारी ने अपने पिता, पूर्व विधायक सुकर रविदास एवं अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। मौके पर हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि झारखंड से भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को हटाने, राज्य में सुशासन को स्थापित करने के लिए सबका साथ जरूरी है।

---

## रांची शहर नागरिक मंच की बैठक में जन समस्याओं पर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव होने वाला है। चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों ने लोगों के लिए घोषणा पत्र तैयार करने और जीतने पर विभिन्न तरह की सेवाएं दिए जाने का भरोसा दिलाना शुरू कर दिया है। इस संबंध में रांची शहर नागरिक मंच ने सोमवार को देवी मंडप के समीप बैठक की। मंच लोगों को चुनाव के प्रति जागरूक कर रही है। मंच के अमृतेश पाठक ने बताया कि झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों के जरिये मुफ्तखोरी और निकम्मेपन को बढ़ावा देने के लिए अनाप-शनाप घोषणाएं की जा रही हैं। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी अपनी ओर से राजकीय कोष को लूटने और लूटाने को तैयार हैं। टैक्स पेयर और आम जनता की गाढ़ी कमाई से जमा टैक्स का सदुपयोग करने की बजाय रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। एक होड़ मची है कि कौन कितना ज्यादा लूटा सकता है। कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि लूटाने के लिए पैसे किस प्रकार से और कहां से आएंगे। वर्तमान में किन किन योजनाओं की राशि काटी गई है, कौन कौन से विकास कार्य रोके जा रहे हैं, इसे सत्तापक्ष भी बताना नहीं चाह रहा। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि रांची राजधानी होने पर यहां इतनी समस्याएं क्यों हैं। आज तक बेहतर सड़क, 24 घंटे बिजली, शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी राजधानी रांची निवासी वंचित हैं। अव्यवस्थित शहरीकरण से बारिश में पूरा रांची डुबा रहता है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को आज तक जन उपयोगी नहीं बनाया गया। एक भी बड़े उद्योग-धंधे स्थापित नहीं हुए।

---

## पर्व व व्रत से जीवन में उल्लास व आनन्द पर प्रकाश डाल एकादशी की हुई यज्ञीय पूणार्हुति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गायत्री युगतीर्थ शक्तिपीठ सेक्टर टू परिसर में पापांकुशा एकादशी पर 24 घंटे का गायत्री महामंत्र का आनलाइन विश्व स्तरीय अखंड जप-अनुष्ठान, व्रत-उपवास की आज पूणार्हुति सोल्लास संपन्न हुई। नौदिवसीय नवरात्र अनुष्ठान की समीक्षात्मक विचार-विमर्श व विश्लेषण भी हुआ। यज्ञ उपाचार्य द्वारा पर्व, त्योहार, व्रत-उपवास, अखंड जप-अनुष्ठान पर व्रियते इति व्रतम पर प्रकाश डाला गया बताया कि जिसका वरण, ग्रहण, आचरण, अनुष्ठान, अनुपालन किया जाए, उसे व्रत कहते हैं। पर्व त्यौहार अवसर पर व्रत-उपवास जप-अनुष्ठान करने के अनेक लाभ हैं। बताया कि व्रत, त्यौहार उपवास व उत्सव भारतीय संस्कृति के अंग-उपांग हैं। इन्हीं केन्द्र बिन्दुओं के चारों ओर विचारों, भावनाओं, विश्वासों एवं धार्मिक आध्यात्मिक एवं आचार-व्यवहार का विस्तार होता है।

---

## छात्रों का 13वें दिन भी सत्याग्रह रहा जारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने को लेकर सोमवार को 13 वें दिन भी सत्याग्रह जारी रहा। खराब मौसम की वजह से छात्र अदालत स्थगित किया गया। बापू वाटिका सत्याग्रह स्थल से छात्र नेता इमाम सफी ने कहा विवादित सीजीएल परीक्षा रद्द और पारदर्शी परीक्षा होने तक आंदोलन जारी रहेगा। मौसम अचानक बदल जाने के कारण छात्र अदालत स्थगित करना पड़ा। लेकिन छात्रों का चौपाल लगाकर निर्णय लिया गया कि आन्दोलन जारी रहेगा। सर्व सम्मति से निर्णय हुआ कि सभी छात्र नेता और शिक्षक से समन्वय स्थापित कर बहुत जल्द बड़ा आन्दोलन होगा। मौके पर शेख मोहसिन, कहकशां कमाल, चंदन कुमार, कमलेश चौधरी,सोएब आलम,सदाब हुसैन, संतोष कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

---

## एचइसी को हर हाल में बचाना है : अजय नाथ शाहदेव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पिछले दस महीनों से लगातार संघर्ष रत एचइसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में शामिल हुए कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव।श्री शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि पर्व त्यौहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है। 1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भूखमरी के कगार पर आ गया है। उन्होंने मौके पर एचइसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता किया है। पिछले दिनों एचइसी प्रबंधन द्वारा बगैर साइन किए गए एकतरफा सुलह पत्र को वायरल करने और समाचार में प्रकाशित होने पर सभी आंदोलनरत कर्मी खफा थे। श्री शाहदेव ने एचइसी प्रबंधन से कहा है अपना हठ छोड़े और एचइसी को बचाने व मजदूर हित में यथाशीघ्र मामले का समाधान करें। मौके पर मजदूर नेता रंथू लोहार,दिलीप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में एचइसी कर्मी उपस्थित थे।

---

### वैश्य मोर्चा कोर कमिटी की बैठक आयोजित

## 20 अक्टूबर को रांची में मनाया जायेगा 6वां स्थापना दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के कांके स्थित हीरानाथ साहु के आवास में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक में निर्धारित मुद्दों पर विचार-विमर्श के पाश्चात्य सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव पारित किये गये. पहले प्रस्ताव में कहा गया कि 20 अक्टूबर को वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस रांची के आलोका सभागार में आयोजित किया जायेगा और इस स्थापना दिवस में केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को प्रतिनिधि बनाया जायेगा। जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन 40% आबादी वाले वैश्य समाज की अनदेखी और उपेक्षा करके आक्रोश को बढ़ावा दे रही है. वैश्य मोर्चा इस तरह की सोंच का प्रतिवाद करते हुए अपने मुद्दों को लेकर हर स्तर पर आंदोलन जारी रखने का निर्णय लेती है। तीसरे प्रस्ताव में कहा गया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा 19 अक्टूबर को रांची में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा को आमंत्रित किए जाने के लिए आभार व्यक्त करती है, लेकिन 20 अक्टूबर को स्थापना दिवस की तैयारी में व्यस्तता के कारण सामुहिक रूप से शामिल हो पाना संभव नहीं है। कोई भी पदाधिकारी या सदस्य व्यक्तिगत रूप से शामिल हो सकते है। चौथे प्रस्ताव में कहा गया कि स्थापना दिवस पर किसी सांसद, विधायक और मंत्री को आमंत्रित नहीं किया जायेगा, बल्कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवियों को ही आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में तय किया गया कि कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु एवं छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु सभागार सज्जा व्यवस्था के प्रभारी होंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, नरेश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु, सचिव अमन कुमार उपस्थित थे, जबकि वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, उप-प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद एवं संगठन सचिव अनिल वैश्य वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

---

## परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा से जुटे कार्यकर्ता : शिवराज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश कि जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार है। चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता को जनभावनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करें। हमें अब चुनाव तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर कार्य करना है। हम चुनाव जीतने की तड़प पैदा करें। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन ही चुनाव में जीत की कुंजी है। प्रबंधन समिति पूर्ण योजना और पूर्व योजना पर कार्य करेगी तो सफलता हमारी झोली में होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्व त्योहारों के बीच अब कार्यकताओं केलिए एक ही पर्व है वह है चुनाव पर्व। चुनाव अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित करके हमसब परिणाम को अनुकूल और सुखद बना सकते हैं। आज जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। प्रबंधन समिति के संयोजक एवं पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंध समिति के कार्यकताओं को अधिकार भाव से नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व भाव से कार्य करना है। पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी इस समिति को दी है। उन्होंने कहा कि हम सब अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें तथा समन्वय के साथ जीत को सुनिश्चित करने में जुट जाएं।




साथ ही कहा कि प्रबंध समिति के 29 विभागों का एक ही लक्ष्य है विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार। उन्होंने मीडिया बंधुओं से भी सकारात्मक सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, सह संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक बिरंची नारायण और सीमा शर्मा सहित समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### उपायुक्त ने की सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन को लेकर बैठक

# सिकल सेल एनीमिया निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने के दिये निर्देश

**▪ सकरात्मकता से काम करनेवाले एनजीओ को भी इसमे नॉमिनेट करने के निर्देश**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा आज दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सिकल सेल एनीमिया निवारण हेतु सघन जागरूकता अभियान चलाने एवं विभिन विभाग से आए पदाधिकारियों को सिकल सेल एनीमिया के निवारण तथा प्रबंधन हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सम्बंधित सभी अधिकारी को सिकल सेल एनीमिया निवारण हेतु जागरूकता अभियान चलाने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने प्रखण्ड स्तर पर कमिटी बनाते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में हर माह स्क्रीनिंग एवं बैठक करने का निर्देश दिया गया। ताकि सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त बच्चों एवं लोगों की पहचान की जा सके।

**सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु एसोसिएशन का गठन**

**सिकल** सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन हेतु एसोसिएशन का गठन होना है, जिसमें रिम्स के डॉक्टर को नॉमिनेट कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूरी उनके द्वारा सकरात्मकता से काम करने वाले एनजीओ को भी इसमे नॉमिनेट करने को कहा गया है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, सिविल सर्जन सदर रांची, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## बारह पड़हा जतरा पूजा 07 नवम्बर को 12 मुर्गो की बलि प्रथा के साथ होगी शुरू : बिरसा पाहन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार को बारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वाधान में आगामी जतरा पूजा की तैयारी लेकर एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता श्री मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने किया और संचालन श्री समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव ने किया। मौजा के पहान राजा बिरसा मुंडा ने कहा कि इस वर्ष 07 नवंबर 2024 को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन किया जाएगा। जतरा एवं अखड़ा स्थल में पहान एवं कोटवार के द्वारा विधिवत रूप से परंम्पारागत रीति रिवाज, विधि विधान,12 मुर्गो की बलि प्रथा एंव धार्मिक कर्मकाण्ड से पुजा अर्चना सुनिश्चित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष श्री कृष्णा उरांव ने कहा कि आज जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गांवो के पाहन के साथ बैठक हुई इसबार भी रीति रिवाजों के साथ जतरा पूजा सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पड़हा महतो राजा संदीप उरांव, जयपुर मौजा के पिंकल गाड़ी, भीठा मौजा के सोनू पाहन, कोंगे जयपुर के निर्मल पाहन, रंजीत पाहन, हथिया गोंदा के लाखों उरांव, मतलु कच्छप, पतरा गोंदा के लखन मुंडा, चंदवे के विनोद पाहन, सुजय पाहन, टिकली टोली के डब्लू मुंडा, गोलु मुंडा, समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव, सचिव मुकेश लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित लिंडा, संरक्षक देवनारायण उरांव, जग्गनाथ उरांव, मंगा उरांव, सुरेश टोप्पो, बिरसा बांडो, सूरजु उरांव, अजय उरांव, चिलगु लकड़ा, जग्गनाथ उरांव, गुंदरा उरांव, अनिल उरांव, राजेश उरांव, कोटवार लक्षमन नायक, संजय लकड़ा, सोनू तिर्की, सोनू खलखो, प्रकाश उरांव, आकाश तिर्की, शिबू टोप्पो, सूरज पहान, बबला राम, संजय उरांव, मनीष कुजूर, विवेक खलखो, प्रणय खलखो, प्रदीप लकड़ा, दीपू लकड़ा, आशीष लकड़ा, अविनाश लकड़ा, संजय कुजूर, राजेश लोहरा, डोंका उरांव, विनय बांडो, बजरंग नायक, एवं ग्रामवासीगण उपस्थित थे।

सम्पादकीय.....

# जिद और जुनून से बदलती है दुनिया

**बहुत** बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वयन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं। तारीख-15 अगस्त, 2021। स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं। यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं। यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके।' इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है-चरैवेतिङ्ग चरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है। यह महत्वपूर्ण है कि विकसित बुनियादी ढांचे के जरिये ही दुनिया के अधिकांश देशों ने तरक्की की है।

## ● किसने क्या कहा



ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा

अमित शाह
गृह मंत्री



जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए हरित प्रौद्योगिकी के उपयोग में भारत का अनुभव उल्लेखनीय रहा है

लोकसभा अध्यक्ष
ओम बिरला

# लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ

> सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है, उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं, सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करें, तारीफ करें।

**युवा** अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरूआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा जिन्दगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुँच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुँच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बाँध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्त्व का अहसास कराना चाहिए। टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने केयदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएंरील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखेंबच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करेंबच्चों को वक़्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें। फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए टेलेंट होना बहुत जरूरी है। यदि आपके अंदर टेलेंट है तो फॉलोअर्स अपने आप ही बढ़ जाएंगे। यदि युवा ट्रैक पर खड़े होकर रील बना रहे है तो बहुत गलत है। इससे दूसरे बच्चों पर भी गलत असर पड़ेगा। रील बनाने वालों के साथ उनकी वीडियो देखने वालों की भी मूर्खता है। इनका विरोध करना चाहिए। युवा जल्दी फेमस होने के लिए रील बना रहे हैं, जोकि बहुत गलत है। मैं कई जगह रेलवे ट्रैक और फ्लाई ओवर पर रील बनाते हुए युवाओं को देखता हूँ। उन्हें रील बनानी है तो सबसे पहले सुरक्षित जगह चुनें। बच्चे रेलवे ट्रैक या फिर रिस्क वाली जगह पर रील बना रहे हैं तो माता-पिता को इन पर निगरानी रखनी चाहिए। सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं।

# सतत ऊर्जा का खजाना है जैव ईंधन

गौरतलब — सीमा अग्रवाल

> **वर्तमान** समय मे बाजार में तेल के दाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर इनकी मांग एवं आपूर्ति से तय होते हैं ऐसी स्थिति में जब तेल के दाम कम होगे तब बायोफ्यूल उत्पादन अधिक महंगा हो सकता है इसलिए जैव ईंधनों को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना बहुत बड़ी चुनौती है। पर्यावरणविदों का मत है कि जैव ईंधन का अधिक प्रयोग वन कटान को बढ़ावा देगा जिससे जैवविविधता में कमी, मिट्टी के कटाव में बढ़ोत्तरी, और पानी की कमी का खतरा भी हो सकता है। जैव ईंधन के प्रयोग में तमाम चुनौतियों को देखते हुए विश्व की सभी सरकारें अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन चुनौतियों से लड़ने को नई नीतियों, संगठनों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इनमे वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जी.बी.ए) उल्लेखनीय है जिसे भारत की जी -२० अध्यक्षता के दौरान अक्टूबर 2003 में बनाया गया।

**हाल** ही में अपने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जैव ईंधन पर चर्चा की और भारत सरकार के इस ओर किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख भी किया। जैव ईंधन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थायी ऊर्जा का बेहतर स्त्रोत है और देश की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांग को संतुष्ट करने की पूरी क्षमता रखता है।

बायोफ्यूल ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा भंडार है जो जैविक सामग्री जैसे कृषि फसलें, अवशेष ,पशु वसा और कचरे से उत्पन्न होते है विशेषज्ञ बताते है कि ऐसे तो बायोफ्यूल कई श्रेणियों में मिलते है लेकिन एथनॉल जिसका उत्पादन गन्ना मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त फसलों से किया जाता है और बायोडीजल जिसको पशुवसा, वनस्पति तेलों या शैवालो से बनाया जाता है सबसे आम जैव ईंधन है। पिछले कुछ वर्षों में इनका उत्पादन और उपयोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा फोरम के आंकड़े बताते है कि वर्ष २०३० तक वैश्विक स्तर पर जैव ईंधन की मांग २०० बिलियन लीटर तक हो जाएगी। रिसर्च से ज्ञात हुआ है कि जैव ईंधन को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिलाकर प्रयोग करने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है जो बढ़ते वैश्विक तापन और जलवायु परिवर्तन को रोकने का अच्छा साधन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति बनाई जिसमे वर्ष 2025- 26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) का और डीजल में वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत बॉयोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा ।सरकार का अनुमान है कि इससे जीवाश्म ईंधन का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा कोष का संचय भी किया जा सकेगा।वर्ष 2013- 14 में भारत 38 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को करता था जो वर्ष 2023 तक आते आते 13 गुना बढ़ गया और वर्ष 2022-23 में भारत ने 502 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति तेल कंपनियों को की जिससे तेल के आयात पर होने वाले लगभग 24300 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकी।

फरवरी 2024 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इलेक्ट्रिसिटी २०२५ नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमे कहा गया कि वर्ष 2023 तक भारत की बिजली की मांग 7% बढ़ चुकी है और अभी आगे इसी तरह से बढ़ते हुए वर्ष 2026 तक चीन को पार करके आगे निकल जाएगी ऐसी स्थिति में ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं। जानकारों का मत है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश और पर्यावरण के प्रति चिंतित देश के लिए जैव ईंधन प्रयोग के कई लाभ होगें पहला तो बायो फ्यूल ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को कम कर देगा। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि बायोफ्यूल पारंपरिक जीवश्म ईंधनों की तुलना में ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को 90% तक कम कर सकते है।उदाहरण के लिए बायोडीजल पेट्रोलियम डीजल की तुलना में लगभग 78% कम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित करता है जबकि एथेनॉल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 40-50% तक कम कर सकता है। कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में निरंतर गिरावट होने से भारत वर्ष 2070 तक अपने नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर सकेगा।

गौरतलब है कि जैव ईंधन प्रयोग से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सरकार को किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। बायोफ्यूल के इस्तेमाल से वनरोपण में इजाफा होगा और सतत कृषि करने की शुरूवात होगी जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और तेजी से हो रहा प्रजातियों का विलुप्तीकरण रुकेगा। जैव ईंधन के प्रयोग से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी रिसर्च बताती है कि जैव ईंधन के दहन से सल्फर डाई ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर आदि प्रदूषकों का उत्सर्जन बहुत कम होता है इससे शहरी क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

तमाम आँकड़े और अध्ययन इस ओर इशारा करते है कि जैव ईंधन भारत के सतत विकास लक्ष्य नंबर - सात जो सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित है को प्राप्त करने का एक उपयुक्त औजार है लेकिन विशेषज्ञों की राय में यह इतना आसान नही है भारत को इसके लिए तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिसमे सबसे बड़ी चुनौती भूमि और जल संसाधनों की मात्रा को लेकर है। वैश्वीकरण, निजीकरण और उदारीकरण के बाद से भारत में तेजी से शहरीकरण बढ़ा है जिसने कृषि भूमि को पहले ही संकुचित कर दिया है ऐसे में यदि बची हुई कृषि भूमि के बड़े भूभाग पर जैव ईधन देने वाली फसलों जैसे जेट्रोपा आदि की खेती की जाएगी तो भारत में खाद्य सुरक्षा और कुपोषण बढ़ सकता है। जैव ईंधन जैसे एथेनॉल का उत्पादन मक्का और गन्ने जैसी खाद्य फसलों से होता है ऐसे में इन फसलों की मांग बढ़ेगी जिससे इनके दाम बढ़ जाएंगे और इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थ महंगे हो जाएंगे।

## आज का इतिहास

- मुगल शासक औरंगजेब ने 1686 को बीजापुर के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- प्रास और फ्रांस की सेनाओं के मध्य लड़ाई 1806 को आरंभ हुई। इससे एक दिन पहले नेपोलियन ने छह दिवसीय युद्ध में प्रॉस की सेना को पराजित किया था।
- नेपोलियन बोनापार्ट हार के बाद निर्वासित जीवन व्यतीत करने 1815 को सेंट हेलेना द्वीप पहुंचे।
- कनाडा स्थित फ्रेंच बहुल क्षेत्र क्यूबेक में 1866 को जबरदस्त आग लगने से 2500 मकान जलकर खाक।
- अलफ्रेड ड्राइफस पर पेरिस में 1894 को मुकद्दमा आरंभ हुआ। वह यहूदी मूल का फ्रांसीसी अफसर था जिस पर चलाया जाने वाला मुकद्दमा 19वीं शताब्दी में फ्रांस की बहुचर्चित घटना बन गयी।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान नीदरलैंड की प्रसिद्ध नृत्यांगना माता हारी को 1917 में जर्मनी के लिए जासूसी करने के आरोप में फ्रांसीसी सैनिकों ने गोली मारी।
- वर्ष का पांचवा उष्णकटिबंधीय तूफान लीवर्ड द्वीप के उत्तर में 1923 को आया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति काल्विन कूलीड्ज ने 1924 में स्टेच्यु ऑफ लिबर्टी को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया।
- टाटा कंपनी ने टाटा सन्स लिमिटेड नामक देश की पहली एयरलाइन की शुरूआत 1932 में की।
- टाटा एयरलाइन (जो कालांतर में एयर इंडिया बन गया) की पहली उड़ान 1935 भरी।
- त्रिपुरा राज्य को भारत में 1949 को सम्मिलित किया गया।
- मिस्त्र की संसद ने स्वेज नहर समझौते को 1951 में रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई।
- अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया ने 1958 में मिस्त्र के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किए।

## सुविचार

वन की अग्नि चंदन की लकड़ी को भी जला देती है, अर्थात दुष्ट व्यक्ति किसी का भी अहित कर सकता है।
**चाणक्य**

हमें एक-दूसरे के साथ चेहरे पर मुस्कान के साथ मिलना चाहिए, क्योंकि यहीं से प्यार की शुरुआत होती है।
**मदर टेरेसा**

# राष्ट्र निर्माण में एपीजे अब्दुल कलाम का योगदान

**डॉ अमित वर्मा**

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम, जिन्हें प्यार से 'मिसाइल मैन' के रूप में जाना जाता है, केवल एक वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपनी सादगी, विनम्रता और दूरदर्शिता से लाखों लोगों के दिलों को छुआ। भारतीय अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में उनके योगदान ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. कलाम का जीवन पूरी तरह से विज्ञान और प्रौद्योगिकी को समर्पित था। उनके नेतृत्व में भारत ने पहली बार पृथ्वी, अग्नि और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों का सफलतापूर्वक विकास किया। उनके प्रयासों से भारत ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिसका सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण 1998 का पोखरण परमाणु परीक्षण था। इस परीक्षण ने भारत को विश्व स्तर पर एक परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दिलाई। इतने बड़े वैज्ञानिक और राष्ट्रपति होते हुए भी, डॉ. कलाम अपने सादे जीवन के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने हमेशा सादगी को प्राथमिकता दी और अपनी संपत्ति के रूप में केवल किताबें और ज्ञान को माना। राष्ट्रपति भवन में रहते हुए भी उनका जीवन साधारण बना रहा। डॉ. कलाम का मानना था कि भारत का भविष्य उसके युवा वर्ग के हाथों में है। उन्होंने हमेशा छात्रों को प्रेरित किया कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उनकी किताब 'विंग्स ऑफ फायर' ने अनगिनत युवाओं को प्रेरणा दी है, और वे जीवनभर शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते रहे। 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्मे डॉ. अबुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम का जीवन संघर्ष, समर्पण और स्वप्नों को साकार करने की प्रेरणादायक कहानी है। डॉ. कलाम का जन्म एक मछुआरे परिवार में हुआ था, जहां साधन सीमित थे लेकिन सपनों की कोई कमी नहीं थी। उनके पिता नाविक थे और माता गृहिणी। बचपन में उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना किया, मगर शिक्षा के प्रति उनकी रुचि ने उन्हें उन मुश्किलों से बाहर निकाला। उन्होंने अखबार बेचकर अपनी पढ़ाई पूरी की और शैक्षणिक उपलब्धियों के शिखर तक पहुंचे। डॉ. कलाम का वैज्ञानिक जीवन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (कफ्फ्) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (ऊफ्ऊ) में शुरू हुआ। उन्होंने भारत के मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों का विकास हुआ, जिससे भारत की रक्षा प्रणाली में क्रांति आई। इस महान योगदान के कारण ही उन्हें 'मिसाइल मैन' की उपाधि मिली। 1998 में पोखरण-क्क परमाणु परीक्षणों में भी उनकी भूमिका अविस्मरणीय रही। इस सफल परीक्षण ने भारत को वैश्विक परमाणु मानचित्र पर स्थापित किया और डॉ. कलाम की वैज्ञानिक और रणनीतिक प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। 2002 में डॉ. कलाम भारत के 11वें राष्ट्रपति बने। उनका राष्ट्रपति काल अद्वितीय था क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति पद को न केवल संवैधानिक जिम्मेदारी माना बल्कि उसे जन सेवा का माध्यम भी बनाया। वे राष्ट्रपति भवन को जनता के लिए खोलने वाले पहले राष्ट्रपति थे। उनका सीधा संवाद युवाओं, छात्रों और शिक्षकों से होता था, जो उनके दिल के सबसे करीब थे। उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया और उन्हें स्वप्न देखने व उन्हें साकार करने की सीख दी।

## द्वंद्व के बीच शांति की खोज

**केवल** ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। | **तुला** — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। |
| **वृष** — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। | **वृश्चिक** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। |
| **मिथुन** — व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। | **धनु** — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। |
| **कर्क** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। | **मकर** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। |
| **सिंह** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। | **कुंभ** — आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। |
| **कन्या** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। | **मीन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। |

# लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो

गौरतलब — कुलभूषण उपमन्यु

> **यह** डर सभी पर्वतीय राज्यों में कमोबेश रहा है। आदिवासी लोगों में यह और भी ज्यादा है। इस मुद्दे पर चर्चा करके रास्ता निकला जा सकता है, लेकिन उनकी चिंता निराधार नहीं ठहराई जा सकती। सुना गया है कि लद्दाख के लोगों से छठे अनुसूची में लाने का वादा वर्तमान सरकार द्वारा किया गया था। तब तो इस समस्या को हल करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी सरकार हिचकिचा क्यों रही है समझ से परे है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के बारे में उनकी मांगें हिमालयी प्रदेशों के लिए महत्व रखती हैं।

**सोनम** वांगचुक के नेतृत्व में एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए 100 से अधिक लोग दिल्ली पहुंचे। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत ये दल दिल्ली पहुंचा। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। यह लोग शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस इन्हें शक की नजर से देख रही है। अभी तक सरकार से आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं मिला। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है किंतु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त कराएगी। इससे समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा।

सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा दे कर विधानसभा और उपराज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं, उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमांत क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था। असम, मिजोरम, और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषद हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति- रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक घायल

**बालूमाथ/लातेहार** : बालूमाथ मुख्यालय के मुरपा मोर स्थित भूटाली चाय दुकान के समीप दो मोटरसाइकिल के टक्कर में सोनू कुमार पिता स्वर्गीय रणजीत सिंहा ग्राम बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका प्राथमिक इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।

### एसपी ने बरियातु थाना के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित बूथ का किया निरीक्षण

**लातेहार** : आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों से मुलाकात कर चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ज्ञात हो कि लातेहार जिला पहले उग्रवाद प्रभावित जिलों में से एक था। यहां मतदान कराना प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती होती थी। परंतु अब पुलिस प्रशासन के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई के बाद काफी हद तक जिला नक्सल मुक्त हो गया है। हालांकि अभी भी नक्सली छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति को दर्ज करने का प्रयास करते रहते हैं। चुनाव के दौरान नक्सलियों पर पूरी तरह नकेल करने के लिए लातेहार एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम एक्शन मोड में है।

### सहायक अध्यापकों ने मंत्री बैद्यनाथ व रामेश्वर की निकाली शव यात्रा

**पलामू** : झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा पलामू ने सोमवार शाम छह बजे राज्य के दो मंत्रियों शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव एवं गिरीडीह विधायक सुदीप्य कुमार सोनू की शव यात्रा निकाली। जिला स्कूल से शवयात्रा प्रारंभ हुई और बाजार होते हुए छहमुहान पहुंचा। यहां शवनुमा पुतले को फूंका गया। मौके पर झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी एवं मांगे पूरी नहीं होने पर आक्रोश जताया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे संघर्ष मोर्चा के सदस्य सह झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि सरकार के साथ हमारी वार्ता 28 सितंबर को हुई थी, जिसमें सहमति बनी थी कि सहायक अध्यापकों को इपीएफ, अनुकंपा का लाभ, कल्याण कोष का लाभ आदि दिया जाएगा, लेकिन कैबिनेट में इसे पारित नहीं किया गया। इसके पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव में कई मंचों से बोला था कि हमारी सरकार बन गई तो 3 महीने के अंदर में पारा शिक्षकों को सरकारी शिक्षक बना दिया जाएगा। दुर्भाग्य है कि बात है कि अब अगला चुनाव आ गया और अभी तक सरकार अपने वादे पर अमल नहीं कर रही है। इस तरह की वादा खिलाफी के कारण झारखंड के सहायक अध्यापकों में भारी आक्रोश है। सरकार के व्यवहार से तंग आकर संघर्ष मोर्चा ने संयुक्त रूप से आंदोलन की घोषणा की है। इसका समर्थन टेट उत्तीर्ण शिक्षकों ने भी किया है। 15 अक्टूबर मंगलवार से सहायक अध्यापक हड़ताल पर रहेंगे। 17 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। शवयात्रा में जिला मीडिया प्रभारी विनीत दुबे, दिलीप तिवारी सहित अन्य शामिल हुए।

### दुर्गा पूजा के सफल समापन पर सभी पूजा समितियों को मिली बधाई

**मेदिनीनगर** : शहर में दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के केन्द्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी व उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने दुर्गा पूजा के सफल समापन पर सभी पूजा समितियों को बधाई दिया है। बीते शाम शहर के सभी पूजा समिति के द्वारा माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया और इसी के साथ नवरात्रि पर्व का समापन हो गया। विसर्जन के दौरान केन्द्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा स्थानीय डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चौक पर विभिन्न दूर्गा पूजा समिति के विसर्जन जुलूस का स्वागत किया गया।

## उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा, ई विद्या वाहिनी में उपस्थिति बनाने को लेकर किया निर्देशित

# 30 तक अकाउण्ट आधार ओपनिंग का कार्य करें पूर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित




करने की बात कही। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों का भी ई विद्यावाहिनी एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने को कहा। पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय देना सुनिश्चित करें। वहीं सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओ पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही 30 अक्टुबर तक अकाउण्ट आधार ओपनिंग का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षकों के पदास्थापना, आय-व्यय प्रतिवेदन, आवंटन, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन, संबंधित अन्य विषयों पर जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में बालूमाथ, हेरहंज प्रखंड के बीओ के कार्यो से असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, एडीपीओ, एपीओ, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आदिवासी युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, सभी आरोपी गिरफ्तार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड/लातेहार** : जिले के महुआडांड थाना क्षेत्र में एक आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार को युवती महुआडांड बाजार आयी थी। वापस घर जाने के क्रम में युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और झाड़ियों में ले जा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जाता है कि युवकों की संख्या चार थी। युवकों ने पीड़िता को इस घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की धमकी दी। लेकिन युवती ने घर जा कर इसकी जानकारी परिजनों को दी। सोमवार को परिजन व ग्रामीण महुआडांड़ थाना पहुंच कर मामले की जानकारी दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और घटना में शामिल सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी महुआडांड़ के ही रहने वाले हैं। वहीं पुलिस ने मेडिकल जांच के लिए युवती को सदर अस्पताल भेजा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम डिस्पैच सेंटर व वाहन कोषांग का किया निरीक्षण

## ससमय पोलिंग पार्टी को डिस्पैच करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने ईवीएम डिस्पैच सेंटर व वाहन कोषांग का निरीक्षण किया। डिस्पैच सेंटर के निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ससमय पोलिंग पार्टी को डिस्पैच करने का निर्देश दिया। उन्होंने डिस्पैच सेंटर के टेबल में पार्टी नंबर के साथ-साथ बूथ नंबर व वाहन संख्या भी अंकित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा रिप्लेसमेंट काउंटर बनाने का निर्देश दिया, जिसमे चार कंप्यूटर आपरेटर को प्रतिनियुक्त करने बात कही। वहीं पार्टी को हेल्प करने के लिए सभी पोलिंग ऑफसर के लिए अलग अलग काउंटर बनाए जाने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जो पार्टी समय पर डिस्पैच सेंटर नहीं पहुंचेंगे उसपर कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि ट्रैनिंग के दौरान हीं पोलिंग ऑफसरों को इसकी जानकारी दे दी जाए। इसके अलावा मतदान सामग्री कलेक्शन को लेकर सात टेबल लगाने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया। वहीं वाहन कोषांग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहन का सीरियल नंबर एवं हर वाहन में बूथ नंबर अवश्य रूप से अंकित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने वाहन कोषांग का व्यवस्था के साथ पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था का निर्देश दिया। मौके पर उपविकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक परवीन गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार, उपनिर्वाचन पदाधिकारी लातेहार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार सहित जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लातेहार में भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड स्थित काली मंदिर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की तरफ से रविवार की रात देवी जागरण का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। इस दौरान बाहर से जागरण पार्टी के कलाकारों ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत किए। सबसे पहले गायिकाओं ने गणेश वंदना गजानन आ जाओ प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद निमिया की डाल मईया, हम तेरे द्वार आए हैं मां।।, ए हो थावे वाली मईया।।चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है।।, मइया का चोला लाल-लाल।। आदि भक्ति गीतों से समा बांधा।

## छापेमारी से नहीं डरते कार्यकर्ता, पलामू प्रमंडल के सभी सीटें जेएमएम जितेगा : दीपक तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झामुमो के युवा नेता दीप तिवारी ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं उनके सचिव व रिशेतेदारों के घर प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की कार्रवाई से कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में अपने जनाधार को देख भाजपा हतोत्साहित है। इसीलिए चुनाव के ठीक पूर्व ईडी जैसी जांच एजेंसियों का सहारा लेकर भारतीय जनता पार्टी ने सरकार, माननीय मंत्री एवं पार्टी को कमजोर करने की कोशिश में जुटी है। दीपक तिवारी ने कहा कि झामुमो दिशोम गुरू शिबु सोरेन के संघर्ष की पार्टी है, जिन्होंने झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी



और इसके उत्थान एवं विकास के लिए आज भी संघर्षशील हैं। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जबसे राज्य की बागडोर संभाली है, भाजपा वाले तरह-तरह का हथकंडे अपनाकर तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा नेतृत्व को जानने-समझने की जरूरत है कि झामुमो झारखंड के आंदोलनकारी की पार्टी है और यहां का विकास उनके हाथों हो रहा है। झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के साथ हैं। आगामी चुनाव में भाजपा को जनता जवाब देगी। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि पूरे पलामू प्रमंडल की जनता माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यकाल और उनके द्वारा क्षेत्र में किये गये विकास कार्यो से संतुष्ट एवं खुश है। जनता आगामी विधानसभा सभा चुनाव में झामुमो-सह-इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों पर प्यार बरसायेगी। इसका परिणाम भी क्षेत्र में अभी से ही दिखने लगी है। इससे विपक्षी दलों के बड़े-बड़े नेताओं में खलबली मच गई है। यही कारण है कि चुनाव घोषणा के पूर्व विपक्षी दलों द्वारा पलामू प्रमंडल में राष्ट्रीय नेताओं को बुलवाकर तरह-तरह के लोकलुभावन घोषणा से आम जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। दीपक तिवारी ने कहा है कि छापेमारी एवं विपक्षियों के लोकलुभावने वादे पलामू की जनता जान चुकी है। पलामू की जनता विधानसभा चुनाव में जेएमएम को पुनः जनाधार देने का काम करेगी। जांच एजेंसियों को लगाना विपक्षी दलों को ही महंगा पड़ने वाला है। माननीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर पलामू प्रमंडल ही नहीं पूरे राज्य के विकास के लिए हमेशा से अग्रसर रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

## जल नल योजना से सम्बन्धित गड़बड़ियों को अविलम्ब दुरुस्त करें विभाग : अनीता देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार दीपक महतो एवं अधीक्षण अभियंता राजमोहन सिंह से दूरभाष पर बात कर क्षेत्र में जल नल योजना से संबंधित आ रही शिकायतों से अवगत कराया। इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में दर्जनों ऐसे टोले हैं,जहां लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। और विभाग को सूचना देने के बाद भी इस पर मौन है। किसके कारण गड़बड़ियों में विभाग की मिली भगत की बू आ रही है कहा कि जल नल योजना का 5 साल तक मेंटेनेंस ठेकेदारों को करना था, लेकिन कोई भी ठेकेदार मेंटेनेंस नहीं कर रहा है। ऐसी स्थिति में संबंधित ठेकेदारों पर नकेल कसने की जरुरत है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि विभाग इस पर त्वरित संज्ञान नहीं लेता है तो मामले को राज्य के वरीय पदाधिकारीयों को अवगत कराया जाएगा और यदि आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय का भी सहारा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि लातेहार जिले में जल नल से संबंधित सभी योजनाओं को पूर्ण दिखाकर रुपए की निकासी भी कर ली गई है, जबकि आधे से अधिक जलमीनर फेल है। ऐसी स्थिति में यह एक बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रही है। ज्ञात हो कि सोमवार की अहले सुबह से ही पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग के बड़े पदाधिकारीयों के यहां केंद्रीय एजेंसियों की छापामारी चल रही है। पूरे राज्य में जल नल योजना का हाल किसी से छुपा नहीं है। लेकिन इसमें कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। उन्होंने पूर्व में ही मुख्य सचिव को लिखे पत्र में यह चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते इस योजना की गड़बड़ियों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो आने वाले समय में क्षेत्र में सिर्फ जलमीनार के ढांचे खड़े मिलेंगे। पानी किसी को नहीं मिलेगा।

## पलामू पुलिस ने अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया जागरुकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू पुलिस ने अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र ग्राम कुंडलपुर, जो थाना मनातू से लगभग 25 किमी की दूरी पर स्थित है, में मादक पदार्थों की खेती की रोकथाम और जनजागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को अफीम और पोस्ता की खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और यह बताया गया कि मादक पदार्थों की खेती से न केवल स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर गम्भीर प्रभाव पड़ता है, बल्कि इसके कानूनी परिणाम भी अत्यंत कठोर हो सकते हैं। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति इस अवैध खेती में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अभियान के दौरान पुलिस ने कुंडलपुर के बच्चों और ग्रामीणों के बीच बिस्कुट और चॉकलेट का वितरण भी किया, जिससे पुलिस और समुदाय के बीच संवाद और सहयोग को प्रोत्साहन मिला।

## पांच-पांच किलो का दो आईईडी बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पांच-पांच किलो का दो आईईडी बम बरामद किया है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान सोमवार को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका से विडियाबेड़ा के बीच जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्दे श्य से नक्सलियों के जरिये पूर्व में लगाये गये दो आईईडी बम को बरामद किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से बम को डिफ्यूज



(विनिष्ट) कर दिया गया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखण्ड जगुआर और सीआरपीएफ संयुक्त रुप से अभियान लगातार अभियान चला रही है। एसपी ने बताया कि यह अभियान लगातार 10 अक्टूबर 2023 से चलाया जा रहा है।

## दशहरा देख कर लौट रही दो नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म

### चार आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : थाना नौडीहा बाजार क्षेत्र में दुर्गा पूजा का मेला देखकर वापस लौट रही दो नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की दर्दनाक घटना सामने आई है। पीड़िताओं को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। घटना से इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। यह



घटना शुक्रवार की रात की है, लेकिन रविवार की देर शाम इस मामले का खुलासा हुआ जब पीड़िताओं और उनके परिजनों ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करायी। पुलिस के अनुसार, दोनों लड़कियां नौडीहा बाजार के सरईडीह से दुर्गा पूजा का मेला देखकर लौट रही थीं, जब रास्ते में छह आरोपियों ने उन्हें रोककर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िताएं किसी तरह अपने घर पहुंचीं और अपने परिवार वालों को इस घटना के बारे में बताया।

## पार्षद अमित व मुखिया पूनम ने मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का पौधा लगा कर किया शुभारम्भ

# प्रदूषण रूपी रावण का पुतला दहन कर अपने अंदर के रावण को जलाने की जरूरत

- छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार के कौशल नगर में 50 फिट का बनाया गया था रावण का पुतला
- पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ. कौशल ने निजी खर्चे पर 1994 से करते आ रहे हैं रावण का पुतला दहन का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : छतरपुर पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल, धर्मपत्नी सह पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल और पुत्र सह जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने नवरात्र के समापन पर डाली बाजार के कौशल नगर स्थित अकेलवा मैदान में आयोजित तीन दशक से आ रहे मेला व सांस्कृतिक विरासत कार्यक्रम का शुभारंभ नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान व विश्व के पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर के प्रांगण में थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम लगाकर किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1994 से उक्त मैदान में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा मेला व रावण का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। उक्त अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। पर्यावरणविद कौशल ने मानदर बजाकर लोगों को गुदगुदाया फिर कहा कि रावण का पुतला दहन के बाद लोगों को अपने अंदर की रावण रूपी अहंकार को जलाने की जरूरत है तभी हम समाज में फैले प्रदूषण को समाप्त कर एकजुटता और शांति सौहार्द का वातावरण कायम करने में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। उक्त अवसर पर पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि हिंदू -मुस्लिम की एकता का ही यह मिसाल है कि इतना बड़ा आयोजन शांतिपूर्ण व सफलता पूर्वक सम्पन्न होता है। उन्होंने इसके लिए सभी लोगों को शुभकामना देते हुए आभार व्यक्त किया। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष राम जी प्रसाद, सचिव श्रवण जायसवाल, कोषाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद , संरक्षक महजर यादव रामजन्म यादव अल्पना देवी, गीता देवी, कौशल नगर में मेला व सांस्कृतिक कमेटी के अध्यक्ष जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, सचिन कुमार, सुचित कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद जायसवाल, संरक्षक धीरज जायसवाल, विकास जायसवाल, महेश यादव,पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, उप मुखिया नगीना खातून मिट्ठू सिंह,विनोद यादव, जुबेर अंसारी, गुलाम गौस, शहाबुद्दीन अंसारी, सुमित कुमार, रॉकी कुमार, पूर्णिमा कुमारी,अमन कुमार, शिल्पा जायसवाल, कोमल जायसवाल, श्याम देव पासवान, इदरीश ट्रेलर, खुर्शीद अंसारी के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मदद मिली। मौके पर प्रमुख लोगों में देवराज विश्वकर्मा, इदरीश ट्रेलर, अरुण विश्वकर्मा मनोज विश्वकर्मा, श्याम नारायण सिंह, दीनानाथ प्रसाद, ,कल देव सिंह, जुम्मन अंसारी, डॉक्टर महेंद्र राम, धर्मदेव यादव, शिवनाथ राम, विनोद राम, समेत हजारों की संख्या में हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग कौशल नगर के मेला में मनोरंजन के लिए शामिल हुए थे।

## एक झलक

### तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

**लोहरदगा** : जिले के भंडरा प्रखंड के उदरंगी गांव में सोमवार को फुचु उरांव की 12 वर्षीय पुत्री रूमा कुमारी की मौत तलाब में डूबने से हो गई। वह तलाब में नहाने गई थी। इसी दौरान डूब गई। भंडरा पुलिस ने शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दियाहै।

### फांसी लगा कर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कोडरमा** : कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई गोसाईं टोला मे एक व्यक्ति ने फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। मृतक की पहचान कृष्णा गोस्वामी ( 40) के रूप मे हुई है। सदर अस्पताल मे धोबी में कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में काम करके दोपहर को घर गया इसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने घर खोला तो देखा की फांसी लगा लिया है। इसके बाद इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को देने के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मौत का कारण का नहीं चल पाया है।

### 30 घंटे बाद सुलझा विवाद, विवादित रास्ते से ही दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

**पलामू** : पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर रास्ते का विवाद 30 घंटे बाद समाप्त हुआ। पुलिस की ओर से लाठीचार्ज के बाद उग्र भीड़ की ओर से पथराव की घटना में एएसपी राहुल देव बड़ाइक के चोटिल होने और आंसू गैस छोड़ने के साथ ही हवाई फायरिंग की घटना के बाद रविवार की देर शाम तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इसी बीच देर शाम करीब आठ बजे गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, रंका एसडीएम रुद्र प्रताप, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, मेदिनीनगर के प्रथम उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मदगड़ी गांव के पूजा पंडाल पहुंचे, जहां पूजा समिति व विशेष समुदाय के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर विवादित सड़क से प्रतिमा का विसर्जन किये जाने की सहमति बनी। सहमति के बाद डीसी, एसपी व पुलिसकर्मियों के साथ विवादित रास्ते पर मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। जहां रात एक बजे कनहर नदी में माता रानी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिकायत निवारण समिति व आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन

# सुयोग्य लाभुकों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ें : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**देवघर** : उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला शिकायत निवारण समिति एवं आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखण्डवार तरीके से योजना से आच्छादित लाभुकों की संख्या एवं शेष बचे लाभुकों को योजना से निबंधित करने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों, एमओआईसी व आयुष्मान मित्र को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने जिला अन्तर्गत निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप शत प्रतिशत लोगों को योजना से निबंधित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए शत प्रतिशत लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही बीमा कंपनी को भी समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के अलावा भुगतान की प्रक्रिया कैसे सुगम हो, इसपर भी विचार विमर्श किया गया। आगे बैठक के दौरान योजना के तहत गलत तरीके से क्लेम कर योजना का लाभ लेने वालों पर कड़ी निगरानी के साथ दस्तावेजों की



वेरिफिकेशन एवं योजना के क्रियान्वयन, संचालन एवं भुगतान में आने वाली समस्याओं के निदान को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया, ताकि सरकारी व निजि अस्पतालों में योजना से संबंधित क्लेम का ससमय निपटारा किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने बीमा कंपनी को अस्पतालों को ससमय भुगतान करने एवं भुगतान की प्रक्रिया सुगम बनाने को कहा। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान भारत, एवं जिला समाज कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभगार में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन एवं सभी प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया कि सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को पंजीकृत किया जाय। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निदेश सिविल सर्जन को दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना की लाभ की जानकारी मिले और वो इस योजना का लाभ ले सके। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निदेशित किया कि सभी सरकारी अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी के अलावे जिले के जितने भी निजी अस्पताल इस अभियान से जुड़े है उनकी सूची की समुचित जानकारी लाभुको के बीच साझा किया जाए, ताकि शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना के लाभ से लाभान्वित किया जा सके। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, सभी प्रखण्डों के एमआईसी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, जिला आयुष्मान कॉ-ऑर्डिनेटर, सभी आयुष्मान मित्र एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## हड़ताल के दसवें दिन आक्रोशित सेविका सहायिकाओं ने समाहरणालय पर जम कर की नारेबाजी

# सेविका सहायिकाओं को नाराज करना सरकार को पड़ेगा भारी : संजय पासवान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 8 सूत्री मांगों को लेकर 5 अक्टूबर से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के 10 वें दिन आक्रोशित सेविका सहायिकाओं ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सरकार होश में आओ, हमारी मांगें पूरी करो, दुबारा सत्ता में आना है तो मांगें पूरी करनी होगी। जमकर नारेबाजी की और सरकार को चेतावनी दी कि चुनाव के बेला में उनकी मांगों को अगर अनदेखी की गई तो, रघुवर सरकार जैसा हाल होगा और सत्ता से हांथ धोना होगा। मालूम हो कि 26 हजार वेतन के साथ आंगनबाड़ी सेवाशर्त नियमावली में संशोधन, हर साल मानदेय बढ़ाने



की प्रक्रिया सरल करने, पारा शिक्षकों की तरह वेतनमान व अन्य सुविधाएं, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी देने, रिटायर्मेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त राशि देने, वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन देने और मार्केट रेट पर पोषाहार राशि देने आदि मांगों को लेकर राज्यभर में 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 अक्टूबर से ताला लटका हुआ है। लाखों बच्चे की पढ़ाई और पोषाहार बंद है। टीकाकरण व बीएलओ का काम भी प्रभावित हो रहा है। 8 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक में नियमावली में आंशिक संशोधन किया गया, जिससे सेविका सहायिका नाराज हैं और हड़ताल को जारी रखे हुए दशहरे की छुट्टी के बाद एक बार से फिर से आंदोलन शुरू कर दिया है। सोमवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) के बैनर तले समाहरणालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सेविका सहायिकाओं की मांगों को नजरअंदाज करना सरकार को भारी पड़ेगा। सेविका सहायिका से जितना काम लिया जाता है, उन्हें प्रतिदिन हजार रुपये के हिसाब से कम से कम 30 हजार रुपये मानदेय मिलना चाहिए। केन्द्र व राज्य सरकार की सारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम यही लोग करते हैं। जनता के बीच रोज इनका सीधा संवाद होता है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न, दिये दिशा-निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, कोडरमा की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में प्रत्येक JE Model बनाने के लिए अपने अपने प्रखण्ड से 1-1 ग्राम पंचायत का चयन करने, माह दिसम्बर 2024 तक ODF Plus Model बनाने हेतु साप्ताहिक लक्ष्य की स्वीकृती, SBM (G) के द्वारा प्राप्त सभी आवंटन के शत-प्रतिशत व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र राज्य में भेजने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है, प्रखण्ड स्तर पर निर्मित PWMU, ग्राम पंचायत स्तर पर निर्मित सेग्रीगेशन शेड



कचरा उठाव वाहन/संग्रह वाहन का संचालन हेतु एजेंसी का चयन कर उसको कार्य दायित्व देने हेतु प्रस्ताव समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति सभी कनीय अभियंता को प्रत्येक प्रखंड में जेई मॉडल बनाने के लिए पंचायत का चयन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने हेतु कार्य करेंगे। साथ ही 15वें वित्त आयोग, पंचायती राज एवं मरनेगा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम का ODF Plus घोषित करवाने से संबंधित कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदया ने जिले में स्वीकृत अबुआ आवास योजना के तहत निर्माण किये जा रहे आवास में शौचालय निर्माण की योजना लेने का निर्देश दिये।

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' आनेवाली पीढ़ी को सशक्त बनाओ

- पूजा पंडालों में मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान व स्वच्छता को ले बांटी डस्टबिन
- पूजा पंडालों में स्वच्छता अभियान को ले डस्टबिन बांटतीं प्रेरणा शाखा की पदाधिकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरीतिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने झुमरी तिलैया के विभिन्न पूजा पंडालों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया और इसके प्रति लोगों को जागृत करते हुए कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम और कन्या को शिक्षित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से हर व्यक्ति को स्वच्छता अभियान के तहत डस्टबिन का वितरण किया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेटी और बेटे के जन्म पर पौधा लगाने सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवरात्रों के नौ दिनों में प्रेरणा शाखा की पदाधिकारी और सदस्यों ने स्कूली बच्चों के बीच पठन सामग्री, बेटी के जन्म पर बेबी किट वितरण किया एवं दादी या नानी जो भी उपस्थित थे उन्हें पौधा देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंडालों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाओं, बेटी को जीवन का हक दो, बाल - विवाह पर रोक लगाओ जैसे संदेश दिए गए। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच मंडल 1सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा बेटियों को शिक्षित करके ही आने वाले समय में शिक्षित समाज का निर्माण संभव है। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि नवरात्रों के पावन पर्व पर देवी दुर्गा की पूजा के साथ समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा का भाव जगाने के उद्देश्य से 9 दिनों तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेटियां समाज और देश की भविष्य है इसके प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया तथा यह भी बताया गया बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे और रक्षाबंधन पर कलाई पर राखी किससे बंधावाओगे।

### मानसून की हुई विदाई किसान कर रहे हैं रब्बी फसलों की बुआई

**चतरा** : राज्य में मानसून की विदाई के साथ ही किसान रब्बी फसलों की बुवाई में लग गए हैं। पिछले एक सप्ताह से चतरा जिले के कई गांवों में किसान रब्बी फसल की बुवाई कर रहे हैं। इन दिनों किसानों का कारवां सुबह होते ही खेतों की ओर रूख कर लेता है। किसान खेतों ने नमी का फायदा उठाते हुए जुताई कर रहे हैं। जुताई के बाद खेतों में बीज डाला जा रहा है। इस बार अच्छी मानसून के बाद किसान रब्बी फसल से काफी उम्मीदें लगाए हुए हैं। नमी वाले खेतों में दलहन, तेलहन समेत सब्जियों की खेती की बुआई की जा रही है। इस बार बड़े पैमाने पर आलू, सरसों, मटर, चना व अन्य फसलें लगाई जा रही है। किसानों ने बताया कि पत्थलगडा में इस बार मानसून की स्थिति बेहतर रही। यहां वाटर लेवल रिचार्ज हो गया है। ताल-तलैया और कूप लबालब भरा हुआ है। जिससे रब्बी की खेती में पानी की किल्लत नहीं होगी। पत्थलगडा मटर की खेती में चतरा जिले में अव्वल रहता है। इस बार भी यहां एक हजार हेक्टेयर में मटर की फसल लगाने की तैयारी की जा रही है।

# कोडरमा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया बाईपास रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक मोटरसाइकिल



चोर को गिरफ्तार किया गया, जिसने चोरी की लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल के साथ भागने की कोशिश की थी। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि चोर इस मोटरसाइकिल को बिहार ले जाकर अवैध शराब बिक्री करने वाले व्यक्ति को बेचने की योजना बना रहा था। आरोपी, शिवशंकर कुमार, उम्र 36 वर्ष, पूर्व में भी कोडरमा जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में संलिप्त पाया गया है।

# शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में भक्ति व नाट्य का दिखा वैभव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरीतिलैया** : नवरात्रि के शुभ अवसर पर झुमरी तिलैया के विभिन्न पूजा पंडालों और मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सप्तमी से एकादशी तक, शहर के अलग-अलग हिस्सों में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से महिलाओं और युवतियों ने डांडिया और गरबा की धुनों पर थिरकते हुए श्रद्धालु भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही, सांस्कृतिक संध्या, भक्ति जागरण और नृत्य-नाटिका जैसी प्रस्तुतियों ने धार्मिक उत्सव को और भी भव्य बना दिया।



**महिलाओं की सहभागिता और भक्ति संगीत की धूम**

**झुमरी तिलैया** की सामंतो काली महिला मंडल ने नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान विभिन्न स्थलों पर भजन कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसने भक्तों को देवी की आराधना में लीन कर दिया। वहीं श्री हनुमान संकीर्तन मंडल ने झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर में देवी-देवताओं का भव्य दरबार सजाकर भजनों की प्रस्तुति दी, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धाभाव से सुना। हनुमान मंदिर असनाबाद में श्याम मित्र मंडल द्वारा डांडिया का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया। इसके साथ ही, गुमो में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**नवदुर्गा अवतार व महिषासुर वध का मंचन : बच्चों की अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन**

**तारा तांड** दुर्गा पूजा पंडाल में नौ कन्या अवतार और महिषासुर वध पर आधारित भव्य नाटक का मंचन किया गया। इस 20 मिनट की नाटिका में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तिलैया बस्ती के बच्चों ने अपने अभिनय और भक्ति भावना से दर्शकों का दिल जीत लिया। मां दुर्गा के रूप में देविका कुमारी, मां काली के रूप में प्रतिज्ञा कुमारी, महिषासुर के रूप में आयुष कुमार एवं भगवान ब्रम्हा के रूप में आर्यस कुमार सहित अन्य स्वरूपों में तैयार छात्राओं ने अपने अभिनय से अनूठी छाप छोड़ी। इसके अलावा, सत्यम शिवम सुंदरम पर देविका कुमारी की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति में डूबने पर मजबूर कर गया। वही आरुषि कुमारी, माही कुमारी व साक्षी कुमारी के द्वारा ब्मेरी मां के बराबर कोई नहीं गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत की गई। इस पूरे कार्यक्रम की स्क्रिप्ट शिक्षक अमित कुमार के निर्देशन में तैयार की गई थी। वही बच्चों को नृत्य का अभ्यास नटराज कला केंद्र के निदेशक राजेश भदानी ने करवाया। सरकारी स्कूल के नन्हे बच्चों के कला की प्रस्तुति को लोगों ने काफी सराहना की।

**भक्ति संध्या का आयोजन और प्रतिभाओं का सम्मान**

**आश्रम रोड** स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में रविवार की रात भक्ति संध्या का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कोडरमा जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें एक सही मंच देने की जरूरत है। इस भव्य कार्यक्रम में राजा चौरसिया, पवन कुमार, अनुराधा सिंह, और खुशबू सोनकर सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी।

**डांडिया प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया सम्मानित**

**स्टेशन काली** मंदिर में नौ दिनों तक डांडिया का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रिचा कुमारी, द्वितीय स्थान पर सोनम शर्मा और तृतीय स्थान पर श्वेता कुमारी रहीं। इन विजेताओं सहित 11 अन्य प्रतिभागियों को मां काली की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन खुशी शर्मा ने किया, और इस अवसर पर मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, चंद्रशेखर जोशी, अजय उपाध्याय, संजय कुमार, भैरव प्रसाद, धनंजय उपाध्याय आदि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन खुशी शर्मा ने किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण (3rd Call)
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या&MID/KHUNTI/$F_2$-12/2024-25 दिनांक–9.10.2024
कार्य का नामः–

| क्र० सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | +2 उच्च विद्यालय,कर्रा में पुराना भवन का जीर्णोद्वार कार्य | खूँटी | कर्रा | 24.991 | 0.05 | 120 दिन |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–14.10.2024 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–21.10.2024 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समयः–21.10.2024 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथिः–23.10.2024 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी / 06528295012 / email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा / राशि घट–बढ सकती है । तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

PR 338774 (Minor Irrigation)24-25*D

## Government of Jharkhand
## Urban Development and Housing Department
## Nagar Panchayat Bundu

**e-Procurment Notice (Tenders Notice call)**
**Very Short Notice**

| S. l. | Tender id | Name of work | Amount | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NIT/BNP/Paver Block/06/2024-25 | Construction of Paver Block footpath at Bada Talab periphery from New Culvert to South-west Ghat | 2444800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 14-10-2024 AT 04:00 PM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering .....http//:Jharkhandtenders.gov.In | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 14-10-2024 AT 04:00 PM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 21-10-2024 AT 02:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 22-10-2024 AT 03:00 PM | | | |
| 7 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | 21-10-2024 AT 02:00 PM | | | |
| 8 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | NAGAR PANCHAYAT BUNDU | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Panchayat Bundu.

Administrator
Nagar Panchayat Bundu

PR 338830 (Urban Development)24-25*D

## ऊर्जा विभाग
## झारखण्ड सरकार
## विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
## विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/76/2024-25** दिनांक– 09 / 10 / 2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नये हाईकोर्ट, धुर्वा रॉची में 2 अदद् 500के0वी0ए0 ध्वनि रहित जनित्र (CPCB IV+ Compiant) सेट, पैनल सहित, पिलिंथ, सेड, केबल एवं चेंज ओवर के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,11,41,938=00 | 10,000=00 | 4,23,000=00 | 56 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.10.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 18.10.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 24.10.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 25.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 / ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated-03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची

PR 338847 (Energy)24-25*D

# परसाटांड़ में विधायक ने रखी वृद्धा आश्रम की नींव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** झारखंड समाज कल्याण समिति द्वारा सोमवार को परसाटांड़ में वृद्धा आश्रम की नींव रखी गई। इस कार्यक्रम में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। समिति के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उमा चरण रजवार एवं झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से वृद्धा आश्रम के निर्माण के लिए निव रखा। समिति के 21 वर्ष पूरे होने पर वृद्ध माताओं भाभी देवी, प्रभा देवी, विमला वर्मा एवं बच्ची देवी को माला पहना कर एवं शाल ओढ़ाकर पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उमा चरण रजवार, संचालन समिति के महासचिव श्रीकान्त अम्बष्ट एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के वरीय उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने समिति के क्रिया कलापों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की समिति द्वारा वृद्धा आश्रम निर्माण में हर संभव सहयोग करने को कहा तथा वृद्ध माता-पिताओं को संतान की मानसिकता को बदलना होगा। समिति के अध्यक्ष ने कहा की देव तुल्य माता-पिता के आवश्यक जरूरत को पूरा करना ही तीर्थ/धाम यात्रा के बराबर है। कार्यक्रम में शिव चरण शर्मा, प्रदीप कुमार गुप्ता, उमेश तिवारी, विकाश कुमार वर्मा, संजय प्रसाद वर्मा, लखन लाल साव, कृष्ण कुमार साव, निरंजन माली विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, हलधर सिंह, राम कृष्ण पाठक, अरुण सिंह, बबलू सिंह, अमन गुप्ता, पंकज कुमार सिंह, अशोक गागर, शर्मिला बावरी, सावित्री देवी, गंगा देवी, रीता साधु, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम




## 22वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये मजदूर नेता नगीना पासवान

# पूर्णिमा नीरज सिंह ने पुष्प अर्पित कर किया नमन



**धनबाद :** सोमवार को झरिया के मजदूर नेता नगीना पासवान की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान, जितेंद्र पासवान, दिनेश पासवान समेत कई लोगों ने झरिया के बस्ताकोला गोशाला मोड पर लगे मजदूर नेता नगीना पासवान की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर पहुंची झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहां कि नगीना पासवान मजदूर मसीहा थे। उन्होंने गरीब शोषित मजदूरों की आवाज हमेशा बुलंद की और मजदूरों को न्याय दिलाने का काम किया। आज हम सब उन्ही के बताए मार्गो पर चल कर मजदूरों की सेवा में जुटे हैं। नगीना बाबू हम सभी के अभिभावक समान थे। वह हमेशा हम सभी के प्रेरणास्रोत रहेंगे। इधर मजदूर नेता नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मजदूरों पर प्रबंधक दमनकारी नीति अपनाते थे उस समय मजदूरों को हक दिलाने उनकी सुरक्षा प्रदान करने समेत कई कार्य के लिए नगीना बाबू हमेशा संघर्ष करते रहे। 1990 के समय जब बीसीसीएल समेत अन्य कोलियरियों में मजदूरों की घोर कमी थी तो इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से मांग कर लगभग 8 हजार रिक्त पदों को भरवाने का काम किया। नगीना पासवान के मित्र रहे बस्ताकोला के पूर्व मुखिया रामबालक सिंह ने कहा आज अगर नगीना पासवान होते तो बीसीसीएल प्रबंधक इस तरह मजदूरों पर मनमानी नहीं करते।

## एक झलक

### सूचना उपलब्ध नहीं करने पर बीसीसीएल मजदूर ने कराया ऑनलाइन एफआईआर

**कतरास (धनबाद):** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र के जेनेरल मजदूर ने अपर महाप्रबंधक पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराया है। मामला आवास आवंटन से संबन्धित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंदपुर क्षेत्र के प्रेम नगर, आवास संख्या 169 का आवास आवंटन एबीजी कोलियरी में कार्यरत जेनेरल मजदूर विश्वनाथ हाड़ी के नाम से हुआ था, परंतु ध.को.क.सं. के यूनियन नेता एवं आवास के सिंडिकेन्ट सुशील कुमार सिंह एवं गौर सिंह के इसारे पर बीसीसीएल प्रबंधन ने उक्त आवास में कब्जा किए हुये कर्मी गौविंद कुमार से खाली करा कर विश्वनाथ हाड़ी को हेंड ओवर नहीं कराया। इस संबंध में जब जेनेरल मजदूर विश्वनाथ हाड़ी ने आर टी आई के तहत सूचना मांगा तो, उसे सूचना देने से यह कह कर मना कर दिया गया। आवेदक विश्वनाथ ने पूरे अपर महाप्रबंधक जयंत कु जयसवाल, यूनियन नेता सुशील कुमार सिंह एवं गौर सिंह के खिलाफ एफआईआर के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया, जिसकी संख्या 109243 है।

### खान बचाओ प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**झरिया (धनबाद):** आगामी 28 अक्टूबर से दो दिवसीय क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता एवं 16 दिसम्बर से पांच दिवसीय अखिल खान बचाव प्रतियोगिता का आयोजन कोयलांचल में होना है। इसी की तैयारी को लेकर बस्ताकोला व रेस्क्यू प्रबंधन ने चांदमारी कोलियरी अंडरग्राउंड व खान बचाव केंद्र धनसार का निरीक्षण किया गया।ताकि सफलता पूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। बस्ताकोला महाप्रबंधक एके सिंहा ने उक्त जानकारी दी। बस्ताकोला व रेस्क्यू प्रबंधन ने चांदमारी कोलियरी अंडरग्राउंड व खान बचाव केंद्र धनसार का निरीक्षण किया गया।ताकि सफलता पूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। निरीक्षण करने वालों में क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंह, माइंस रेस्क्यू धनसर की अधीक्षक पीआर मुखर्जी व्यवस्था कला पीएम अभिषेक राय, सहदेव माझी, बस्ताकुली पोओ अजय कुमार, प्रबंधक अभिषेक कुमार, गौरव अग्रवाल,राजेश कुमार, देशराज सहित अन्य थे।

### ईसीआरकेयू दाखिल करेगा 22 को नामांकन पत्र

**धनबाद:** धनबाद रेलवे में यूनियनों की मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा मतदान के विभिन्न चरणों की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत ईस्ट सेंट्रल रेलवे जोन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) द्वारा हाजीपुर महाप्रबंधक मुख्यालय में 22 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करने की तैयारी की जा रही है।इस दिन इस अवसर पर यूनियन ने उक्त तिथि को रेलकर्मियों की एक विशाल जनसभा करने का कार्यक्रम किया जायेगा। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा इस दिन उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करेंगे और ईसीआरकेयू को पुनः बहुमत से जीत दिलाने का आह्वान करेंगे। ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पांडे और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव भी अपने संबोधन में ईसीआरकेयू एवं फेडरेशन के उपलब्धियों को जनसभा में रेलकर्मियों के समक्ष रखेंगे। ईसीआरकेयू के पूर्व अपर महामंत्री तथा अनुभवी और वरीय कॉमरेड बीके सिंह भी रेलकर्मियों को एक मजबूत यूनियन बनाने के लिए ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपना संदेश रखेंगे। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि ज्ञात हो कि रेलवे में यूनियन को जोनल स्तर पर मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलकर्मी अपने गुप्त मतदान द्वारा यूनियन का चुनाव करते आ रहे हैं। यह पद्धति 2007 से प्रारंभ किया गया जिसमें पूर्व मध्य रेलवे में ईसीआरकेयू ने भारी मतों से जीत हासिल की। छः वर्ष बाद 2013 में भी हुए चुनाव में पुनः ईसीआरकेयू को बहुमत मिला।

# राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी 2024-25 सिलीगुड़ी के लिए 22 महिला खिलाड़ियों का होगा चयन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के तहत राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी 2024-25 सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में झारखंड की ओर से खेलने हेतु बड्स गार्डेन स्कूल, राजगंज धनबाद में 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक के लिए कैंप लगाया गया है। जिसमें पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे धनबाद, हजारीबाग, रांची, गिरिडीह, गुमला से हम सिमडेगा आदि से लगभग 40 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों दिन-रात अभ्यास कर रही है। इसमें से कल 22 खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें झारखंड की ओर से सिलीगुड़ी में खेलने हेतु महिला टीम भेजी जाएगी।सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम 7 अक्टूबर 2024 से 15 अक्टूबर 2020 तक है, यदि झारखंड की टीम सिलीगुड़ी के प्रतियोगिता में विजय होती है तो उन्हें नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु 11 नवंबर से 22 नवंबर 2024 तक खेलने हेतु भेजी जायेगी। इस कैंप में पूर्व में नेशनल खेल चुकी कई महिला खिलाड़ियों जैसे पूर्णिमा लिंडा, सुनीता मुंडा, दुल्लर मरांडी, पूजा टोप्पो, संध्या कच्छप शामिल है, जो कि एस. एस. बी. सीमा शक्ति बल में भी सेवा दे रही है। इसके अलावा वर्ल्ड कप में भाग ले चुकी अंजलि मुंडा, अनीता कुमारी एवं अनीशा उरांव व इंडिया टीम से पूर्व में खेल चुकी शिवानी टोप्पो, विक्षित बावा, दिव्यानी लिंडा, अनुष्का कुमारी नीतू लिंडा, ललिता बोएपी, बबीता कुमारी, अमीषा कुमारी नसीमा कुमारी आदि व झारखंड फुटबॉल में भाग ले चुकी जोशना भाव, मालती कुमारी,चांमनी कुमारी, प्रतीक्षा लकड़ा, तन्नु तिग्गा, संगीता हांसदा, पूजा कुमारी, रीना कुमारी, सोनम कुमारी, प्रतिभा कुमारी आदि भी इस कैंप में हिस्सा लेकर प्रतिदिन अभ्यास कर रही हैं। पूरी टीम को कोचिंग देने का काम ए एफ सी, बी डिप्लोमा कोच पारस करमाली, जे एफ ए सदस्य डॉ. अविनाश टोप्पो एवं सहयोगी दीपक कुमार महतो को सौंपा गया है। झारखंड फुटबॉल संघ के सचिव गुलाब रब्बानी के निर्देश पर कैंप निदेशक, प्रमोद चौरसिया, प्राचार्य, बड्स गार्डेन स्कूल के देखरेख में इस ट्रायल शिविर का आयोजन किया गया है। कैंप निदेशक, प्रमोद चौरसिया खिलाड़ियों के साथ मैदान में जाकर उन्हें प्रोत्साहित किया और टीम में चयन हेतु उन्हें अग्रिम बधाई भी दिए, साथ ही यह उम्मीद भी जताए हैं कि यह टीम झारखंड को आगे ले जायेगी।



# मतदाता जागरूकता सेमिनार, युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कदम



**सिन्दरी (धनबाद) :** सिंदरी हर्ल में सोमवार को मतदाता जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाप्रबंधक सुरेश प्रमाणिक ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सुरेश प्रमाणिक ने अपने संबोधन में बताया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवा मतदाताओं को प्रेरित किया कि वे अपनी आवाज उठाएं और सक्रिय रूप से चुनावी प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने कहा, आपका एक वोट लोकतंत्र की दिशा तय कर सकता है, इसे हल्के में न लें। मंशुल जैन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक दुमका, जो इस सेमिनार में उपस्थित थे। इन्होंने ने भी युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि युवा समझें कि उनका वोट उनकी भविष्य की दिशा को निर्धारित कर सकता है। वे समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। इस दौरान संत सिंह, सुजीत दुबे, गौतम मांझी भी उपस्थित रहे।

## बाघमारा में झारखण्ड अधिकार यात्रा की हुई शुरुआत

**कतरास (धनबाद) :** बाघमारा विधानसभा के निमतल्ला ग्राउंड से जेएलकेएम ने केंद्र समिति द्वारा निर्देशित झारखंड अधिकार यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने चिटाही, सोनारडीह, नवागढ़, बरोरा बस्ती एवं बाघमारा विधानसभा के विभिन्न स्थानो पर जाकर कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जनता के सामने रखने का कार्य किया। जेबीकेएसएस के केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो सक्रिय कार्यकर्ता प्रेम राय, दीपक रवानी, पार्वती देवी के अलावा सैकड़ो जेबीकेएसएस /जेएलकेएम अधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

# दुर्गा मंदिर परिसर में रावण दहन शांतिपूर्ण सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पथरडीह (धनबाद) :** अस्त्य पर सत्य कि जीत का प्रतीक रावण का पुतला दहन पथरडीह मोहनबाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य आतिश बाजी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। वहीं, मुख्य अतिथि धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह, भाजपा नेत्री रागनी सिंह के द्वारा उद्घाटन किया गया। बताते चले की 40वर्षो से रावन दहन कार्यकर्म होते आ रहा है। रविवार की संध्या रावण दहन कार्यकर्म में हजारों की संख्या में भक्तो की भीड़ उमड़ी। सर्व प्रथम राम लक्ष्मण, हनुमान की झाकी निकाली गई। इस दौरान जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। पूरा मंदिर परिसर भक्तो की भीड़ से खचाखच भरा रहा। जिसमें भक्तो ने मेले का भी आनंद उठाया। देर शाम 7 बजे रावण दहन कार्यकर्म ढोल नगाड़े के साथ विधिविधान पूर्वक पुजा अर्चना कर किया गया। मौके पर जोड़ापोखर, सुदामडीह पुलिस, भाजपा क्रायकर्ता के अलाव समिति के दर्जनों सदस्य मौजूद रहे थे।

## आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का धरना-प्रदर्शन

**धनबाद :** दुर्गा पूजा सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर से झारखंड की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का आंदोलन चरम पर है। पिछले 5 अक्टूबर से राज्य भर की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सोमवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का जुटान हुआ। धरना प्रदर्शन के माध्यम से इन्होने अपनी आवाज को बुलंद किया। राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग समेत सेवा शर्त नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए समय पर मानदेय वार्षिक वृद्धि का लाभ दिया जाये। सहायक अध्यापक के तर्ज पर सेविका सहायिकाओं के लिए मानदेय का प्रावधान किया जाये।

# कुशवाहा समाज ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार को झारखण्ड कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष हकीम प्रसाद महतो के नेतृत्व में कुशवाहा महासभा के एक प्रतिनिधि मंडल झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से रांची स्थित कांग्रेस भवन में मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर झारखण्ड कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष हकीम प्रसाद महतो एवं प्रतिनिधि मंडल के द्वार अगामी विधानसभा को लेकर चर्चा किया। जिसमें हकीम प्रसाद महतो ने मांग करते हुए कहा कि जिसकी जितनी संख्या है उस हिसाब से उसको उतना हक भी मिलना चाहिए और यही बात कांग्रेस के लोकप्रिय और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी जनसभाओं में कहते है और सामाजिक न्याय की बात करतें है। जिस पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कामलेश ने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बात को मैं प्रदेश प्रभारी और केन्द्रीय चुनाव कमिटी के समक्ष भी रखूंगा, और झारखण्ड में कुशवाहा समाज को सांख्य के अनुरूप आगामी विधानसभा में प्रतिनिधित्व मिल सके इसके लिए हर संभव प्रयास करूंगा। इस मौके पर कुशवाहा महासभा के महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा, रविन्द्र वर्मा, नरेश वर्मा, राजेश कुमार शामिल थे।

# शहरपुरा में आधुनिक बाजार निर्माण का हुआ शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी, भाजपा नेत्री पूर्व जिप सदस्य तारा देवी ने सोमवार को शहरपुरा बाजार में नारियल फोड़कर आधुनिक बाजार के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। धनबाद नगर निगम के वार्ड नंबर 55 में 14 वें वित्त आयोग के तहत 1.95 करोड की लागत से आधुनिक बाजार का निर्माण होगा। इसके अंतर्गत 8 स्टाल, 192 दुकानें, 2 शौचालय और गार्ड रुम बनाए जायेंगे, जो छह महिने में बनकर तैयार हो जायेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद साहेबराम हेंब्रम, पूर्व पार्षद चंपा देवी, गणेश महतो, समीर बाउरी, विजय चौधरी, अरविंद सिंह, प्रमुख सिंह थे। इसके तत्काल बाद तारा देवी ने गुरुद्वारा मोड पर नवनिर्मित मास्ट लाइट का उद्घाटन किया।

## धनबाद विधानसभा से मुख्तार अहमद लड़ेंगे चुनाव, टीएमसी ने की घोषणा

**धनबाद :** रांची स्थित टीएमसी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक मे कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो ने आगामी विधानसभा चुनाव पर अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है की झारखंड के 30 से 35 सीटों पर टीएमसी अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी और स्वतंत्र रूप से मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होने 7 विधानसभा के प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए कहा है की धनबाद से मुख्तार अहमद, राजमहल से जाकिर हुसैन, वोरियो से विपिन किस्कू, पाकुड़ से असराफुल शेख, बहरागोड़ा से कुजबिन्दर सिंह, लोहरदगा से उर्मिला देवी एवं नाला से मुख्तार शेख चुनाव लड़ेंगे।

# 17 अक्टूबर को निकलेगी झरिया में अग्रसेन जी महाराज की भव्य शोभा यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर आगामी 17 अक्टूबर गुरुवार को विशाल शोभा यात्रा झरिया में निकलेगी। उक्त जानकारी मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया 17अक्टूबर को झरिया श्याम मंदिर से प्रातः प्रारंभ हो कर नगर भ्रमण के बाद अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी। जहां सामूहिक सहभोज का आयोजन होगा। तदुप्रांत संध्या 05 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया है। मौके पर सम्मेलन अध्यक्ष के अलावा संयुक्त सचिव दीपक अगवाल, गेपाल अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विनोद मोदी, नरेश अग्रवाल, महेश जालुका, सत्यनारायण भोजगरिया, अमित अगवाल, अनूप लिल्हा आदि थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने श्री अग्रसेन जी महाराज के संबंध में जानकारी दी। कहा कि महाराजा अग्रसेन का जन्म भगवान राम के कुल में 5149 वर्ष पहले अग्रोहा में हुआ था । उनकी शादी नाग कन्या महारानी माधवी से हुआ था। उन्होंने अपने राज्य में आने वाले सभी नागरिकों को एक रुपया और एक ईट, सभी नागरिकों से दिलवाते थे, साथ ही राज्य की ओर से जमीन दे कर उन्हें आजीवन चलने की व्यवस्था की जाती थी। महाराजा अग्रसेन ने कहा था की तुम अपने अगल बगल रहने वालों की चिंता करो तुम्हे अपनी चिंता करने की जरुरत नहीं है। समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखो, मां लक्ष्मी की कृपा तुम पर बनी रहेगी। आज उनके बताये मार्ग पर चल कर ही समाज के द्वारा स्कुल, कॉलेज, हॉस्पिटल, मंदिर, कुआं व समाज हित में बडे बडे आयोजन हो रहे है। वे उन्ही के बताये हुए मार्ग पर चल कर संभव हो रहे है । आज जो समाज वाद की बात करते है, उन्होंने समाजवाद अपने राज्य में लागु करवा कर के बताया है। आज अग्रवाल समाज में जो सम्पन्नता है वो भी उन्ही के आशीर्वाद से है।

# विभिन्न नियोजकों ने कुल 54 आवेदकों को किया शॉर्ट-लिस्ट

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार 14 अक्टूबर को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर, बरटांड़, धनबाद द्वारा गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद मे प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024 का आयोजन किया गया। आयोजन में आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद को स्वागत पौधा दिया गया। आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद, राकेश कुमार, प्राचार्य, आईटीआई, गोविंदपुर एवं डॉ० संजय प्रसाद, प्राचार्य, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद द्वारा संयुक्त रूप से अप्रेंटिसशिप मेला का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं अप्रेंटिसशिप एक्ट 1961 के अंतर्गत राज्य के निबंधित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले (Including Contractual) (एमएसएम ई/ मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर /सर्विस सेक्टर) अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान/ उपक्रम यथा होटल / रेस्टोरेन्ट/ शॉपिंग मॉल/ हॉस्पिटल/ कोचिंग सेंटर/ ओर्थोराईज्ड सर्विस सेंटर/ बैंक इत्यादि द्वारा तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई०टी०आई०/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ Short Term Skill) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) को Designated/ Optional व्यवसायों में 2.5-15 प्रतिशत बैण्ड में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है, जबकि 4 से 29 कामगारों वाले प्रतिष्ठानों हेतु यह वैकल्पिक है। प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद ने अपने भाषण में बताया कि अप्रेंटिसशिप एक प्रकार का ट्रेनिंग कार्यकाल होता है जिसमें अभ्यर्थी को औद्योगिक कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इस कार्यालय के दौरान व्यक्ति एक सामान्य वर्कर की तरह कार्य करता है। इस प्रोग्राम का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उसमे अभ्यर्थी को उद्योग के बारे में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान मिलता है जिनकी मदद से उसके कार्य कौशल में निखार आता है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थी को स्टिइपेंड भी दी जाती है। अभ्यर्थी को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु (www.apprenticeshipindia.gov.in) पर अपना रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। इसी प्लेटफॉर्म पर अनेक अनियोजक भी पंजीकृत होते है एवं योग्यता तथा रिक्तियों के आलोक में Apprentices के साथ Contract करते है। अंत में नियोजन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मेला की समाप्ति की गई। इस अप्रेंटिसशिप मेला में 09 नियोजकों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई तथा लगभग - 225 आवेदक/ आवेदिकाओं ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल-54 आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट किया गया। अप्रेंटिसशिप मेला में आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के अतिरिक्त राकेश कुमार, प्राचार्य, आईटीआई, गोविंदपुर, सूरज कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक, प्रशान्त गोयल, संजय कुमार साव एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

रणजी ट्रॉफी 2024-25

# पारी व 70 रन से जीता तमिलनाडु

एजेंसी

**कोयंबटूर** : गुरजपनीत सिंह ने स्वप्निल पदार्पण करते हुए शानदार छह विकेट (14-5-22-6) हासिल किए, जिसकी बदौलत तमिलनाडु ने सोमवार को श्री रामकृष्ण कॉलेज मैदान पर खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दौर में सौराष्ट्र पर पारी और 70 रन की शानदार जीत दर्ज की। मैच में सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 203 रन बनाए। सौराष्ट्र के लिए अर्पित वसावडा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलते हुए शानदार 62 रन बनाए। वसावडा के अलावा चिराग जानी ने 34, शेल्डन जैक्शन और कप्तान जयदेव उनादकट ने 21-21 रन बनाए। तमिलनाडु के लिए सोनू यादव, एम. मोहम्मद और



कप्तान साई किशोर ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में तमिलनाडु ने नारायन जगदीशन (100) के शतक और साई सुदर्शन (82) के बेहतीन अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 367 रन बनाए और 164 रनों की बढ़त हासिल की। सौराष्ट्र को तमिलनाडु को फिर से बल्लेबाजी पर बुलाने के लिए 129 रनों की जरूरत थी, अंतिम दिन सौराष्ट्र ने अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 35 रन के स्कोर पर खेल शुरू किया और केवल 90 मिनट में ही 94 रन पर सिमट गयी। तमिलनाडु, जो आमतौर पर अपने घरेलू मैदानों पर हावी होने के लिए अपने स्पिनरों पर निर्भर रहता है, इस बार अपने तेज गेंदबाजों की बदौलत अनुशासित प्रदर्शन करते हुए 20 में से 15 विकेट चटकाये। इससे पहले, ग्राउंड स्टाफ ने रविवार दोपहर को भारी बारिश के बाद आउटफील्ड में पानी भर जाने के बाद समय पर मैच शुरू करने के लिए मैदान को तैयार करने में सराहनीय काम किया। शाम को जब बारिश कम हुई, तो स्टाफ ने देर रात तक काम किया, पानी को बाहर निकालने के लिए दो मोटरों का इस्तेमाल किया और देरी न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सुबह-सुबह सुपर सोपर्स का इस्तेमाल किया। गुरजपनीत, जिन्होंने तीसरे दिन चार विकेट लिए थे और मेहमान टीम के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया था, ने अनुभवी अर्पित वासवदा को आउट करके अपने पांच विकेट पूरे किये।

# केन्याई धावक रूथ चेपनगेटिच ने शिकागो में तोड़ा महिला मैराथन का विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

**न्यूयॉर्क** : केन्या की रूथ चेपनगेटिच ने रविवार को इतिहास रचते हुए शिकागो में महिलाओं की मैराथन का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने पिछले सर्वश्रेष्ठ से लगभग दो मिनट पीछे रहकर दो घंटे, नौ मिनट और 56 सेकंड का अनौपचारिक समय लेकर दौड़ पूरी की। चेपनगेटिच ने शिकागो में अपना तीसरा खिताब जीता और इथियोपिया की टिगस्ट अस्सेफा के पिछले साल बर्लिन में बनाए गए 2:11:53 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इथियोपिया की सुतुमे केबेडे ने दो घंटे 16 मिनट और 36 सेकंड बाद रेखा पार की, जबकि केन्या की इरीन चेप्टाई (2:17:51) तीसरे स्थान पर रहीं। रिकॉर्ड तोड़ने के बाद चेपनगेटिच ने कहा, मेरा सपना सच हो गया है, जिसका



समय मूल रूप से 2:09:57 दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में इसे समायोजित कर दिया गया। चेपनगेटिच ने शुरू से ही तेज रफ़्तार पकड़ी, पहले पाँच किलोमीटर 15 मिनट में दौड़ीं और आधे रास्ते तक उन्होंने खुद और केबेडे के बीच 14 सेकंड का अंतर बना लिया। 2019 की विश्व चैंपियन चेपनगेटिच रेस पूरी करने के बाद थककर झुक गईं और अपने प्रदर्शन को हमवतन केल्विन किप्टम को समर्पित किया, जिन्होंने एक साल पहले शिकागो में पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था और चार महीने बाद एक कार दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। उन्होंने कहा, विश्व रिकॉर्ड मेरे दिमाग में था, शिकागो, जैसा कि मैंने पहले भी कहा, मेरे घर जैसा है।

## एक झलक

### पाक टीम से अब कोई उम्मीदें नहीं बचीं : शोएब अख्तर

**लाहौर** : पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने टीम के प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की है। पाक टीम को बांग्लादेश के बाद इंग्लैंड के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी है। इसके बाद से ही टीम सबके पूर्व दिग्गजों के निशाने पर है। तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एक शो के दौरान कहा कि टीम हर क्षेत्र में खराब खेल रही है। अख्तर ने कहा कि, जो बोएंगे वही काटेंगे। टीम के हालात बहुत खराब है हार जीत होती रहती है पर मैच में संघर्ष तो करना चाहिये। यहां तो टीम मुकाबला ही नहीं कर पायी। पिछले दो दिनों में हमने जो देखा, उससे कहें अब कोई उम्मीद नहीं बची है। इससे पता चलता है कि हम अच्छा नहीं कर सक रहे हैं। पहले बांग्लादेश के खिलाफ दोनो मैच हारे और उसके बाद इंग्लैंड ने 800 से ज्यादा रन बनाकर पारी से हराया। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि प्रशंसक भी कह रहे हैं कि पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए। आईसीसी तक सोच रहा होगा कि क्या हमें पाकिस्तान में टीमें भेजनी चाहिए और उनका टेस्ट दर्जा बरकरार रखना चाहिए। ये बहुत निराशाजनक है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट, प्रशंसकों के साथ ही उभरती प्रतिभाओं को नुकसान पहुंचेगा। मैं पीसीबी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस गड़बड़ को सही करे।

### ग्रीन की जगह बेनक्रॉफ्ट को मिल सकता है अवसर : टेलर

**सिडनी** : ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के चोटिल होने के कारण नवंबर में भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विकेटकीपर बल्लेबाज कैमरन बेनक्रॉफ्ट को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन का अपनी पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी के कारण भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना तय नहीं है। ऐसे में ग्रीन के बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करना होगा। इसके तहत ही उसे बदलाव भी करने होंगे। ग्रीन पिछले साल एशेज सीरीज के दौरान भी टीम से बाहर थे तब मिचेल मार्श आए थे। वहीं इस साल की शुरूआत में डेविड वार्नर के संन्यास के बाद माना जा रहा थे कि बेनक्रॉफ्ट को पारी की शुरूआत के लिए रखा जाएगा पर तब चयनकर्ताओं ने ग्रीन को टेस्ट टीम में वापस बुला लिया और स्टीव स्मिथ से पारी की शुरूआत करायी गयी।

# कैमरन ग्रीन के पीठ की होगी सर्जरी भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर



एजेंसी

**मेलबर्न** : आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर के लिए सर्जरी होगी, जिससे वह भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, रिकवरी का समय लगभग छह महीने होने का अनुमान है। सर्जरी के लिए आगे बढ़ने का फैसला कैमरनके एक ऑलराउंडर के रूप में दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया है। ग्रीन को इंग्लैंड में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर का पता चला था, जिससे भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अटकलें लगाई जा रही थीं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा था कि ग्रीन इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों से सर्जरी करवानी चाहिए, जिन्होंने पहले भी तेज गेंदबाजों की मदद की है। विकल्प यह था कि सर्जरी के बिना ही उन्हें ठीक किया जाए और ग्रीन को भारत सीरीज में केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने दिया जाए। हालांकि, ग्रीन की स्थिति अधिक जटिल थी।

## एचआईएल नीलामी के पहले दिन के बाद श्रीजेश ने कहा

# हमने ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों को चुना

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन रविवार को विभिन्न फ्रैंचाइज़ियों के प्रमुख लोगों ने अपनी टीम की संरचना और नीलामी प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए, जिससे आने वाले सत्र के लिए उनका आत्मविश्वास और उत्साह झलका। दिल्ली एसजी पाइपर्स के निदेशक और सहायक कोच पीआर श्रीजेश ने टीम के चयन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टीम की संतुलित प्रकृति पर जोर दिया, जिसमें अनुभवी विदेशी और प्रतिभाशाली भारतीय खिलाड़ियों का मिश्रण शामिल है। श्रीजेश ने कहा, हमने एक अच्छी टीम चुनी है, जिसमें एक विदेशी गोलकीपर भी शामिल है। ज्यादातर, हमने भारतीय खिलाड़ियों को



चुना है, जिससे डिफेंस और मिडफील्ड में पर्याप्त खिलाड़ियों के साथ एक संतुलित टीम तैयार हुई है। अह हमें फॉरवर्ड और मिडफील्ड पोजीशन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। टीम के साथ अपनी परिचितता को दर्शाते हुए, उन्होंने कहा, मैं उन खिलाड़ियों को जानता हूं जो हमारे साथ हैं; वे मेरे जूनियर हैं। एक खिलाड़ी आपको खेल नहीं जिता सकता; जीत तो टीम को ही मिलती है। दिल्ली एसजी पाइपर्स के कोच ग्राहम रीड, जो टोक्यो ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक विजेता कोच थे, ने कहा, ₹भारत में वापस आकर बहुत अच्छा लगा। मैं सभी भारतीय खिलाड़ियों, खास कर युवा खिलाड़ियों और रोहित से खुश हूं। श्रीजेश, शिवा और फिजियो के साथ हमारी टीम में कुछ सुधार हुआ है।

# महेला जयवर्धने मुम्बई इंडियंस के मुख्य कोच बने

एजेंसी



**मुम्बई** : मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 2025 सत्र के लिए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना नया मुख्य कोच बनाया है। जयवर्धने इससे पहले साल 2017-2022 में भी मुंबई इंडियंस के कोच थे। फ्रेंचाइजी ने साली 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था। जयवर्धने को ह दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर की जगह कोच बनाया गया है। मुंबई इंडियंस ने साल 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया परा इस साल उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम 14 मैच में से केवल चार में ही जीत दर्ज कर पाई। जयवर्धने ने कोच बनने के बाद कहा, मुंबई इंडियंस परिवार में मेरी यात्रा बेहतर रही है। साल 2017 में ध्यान सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक समूह बनाने पर था और हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अब मेरा प्रयास एक बार फिर वैसी ही टीम बनाना रहेगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित, कप्तान स्टोक्स की वापसी

एजेंसी

**मुल्तान** : इंग्लैंड और पाकिस्तान टीम के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कल यानी मंगलवार से मुल्तान में खेला जाएगा। सीरीज में इंग्लैंड की टीम पहला टेस्ट मैच जीतकर 1-0 से आगे है। इस बीच सोमवार को दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया गया है। दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की वापसी हुई है। बेन स्टोक्स इस साल अगस्त के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण स्टोक्स ने इंग्लैंड के लिए पिछले चार टेस्ट मिस किए। वह श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज और पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए। उनकी अनुपस्थिति में ओली पोप ने टीम की कमान संभाली। हालांकि, स्टोक्स इंग्लैंड टीम के साथ नियमित रूप से जुड़े रहे और अब वह फिट होकर फिर से टीम की कमान संभालेंगे। स्टोक्स के साथ मैथ्यू पॉट्स को भी अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन की तेज गेंदबाजी जोड़ी को बाहर बैठना पड़ा है।



**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11**

**जैक क्रॉली,** बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, ब्रायडन कार्स, मैट पॉट्स, जैक लीच, शोएब बशीर।

# ऐतिहासिक नीलामी के लिए 350 से अधिक खिलाड़ी तैयार

महिला एचआईएल

## एचआईएल नीलामी भारतीय महिला हॉकी के लिए एक बड़ी उपलब्धि

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सात साल के अंतराल के बाद, बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 एक विस्तारित प्रारूप के साथ शानदार वापसी कर रही है, जिसमें पुरुष और पहली बार एक विशेष महिला लीग दोनों शामिल हैं। मंगलवार को होने वाली ऐतिहासिक महिला नीलामी हॉकी की दुनिया में एक प्रमुख मील का पत्थर है, जो खेल के विकास और महिला हॉकी की बढ़ती प्रमुखता को प्रदर्शित करती है। एचआईएल ढांचे के भीतर एक विशेष महिला लीग की शुरूआत न केवल महिला एथलीटों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने



के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है, बल्कि पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ समानता भी सुनिश्चित करती है, जिससे भारतीय हॉकी के लिए अधिक समावेशी और प्रतिस्पर्धी भविष्य का मार्ग प्रशस्त होता है। यह भारत में उन दुर्लभ उदाहरणों में से एक है जहां एक प्रमुख खेल लीग के पुरुष और महिला दोनों संस्करण एक साथ चलेंगे। नीलामी में 250 से अधिक घरेलू महिला खिलाड़ी और 70 से अधिक विदेशी खिलाड़ी महिला एचआईएल के उद्घाटन सत्र में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस आयोजन में भारत की शीर्ष महिला हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगी, जिनमें अनुभवी गोलकीपर सविता, टीम की कप्तान सलीमा टेटे, उभरती ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, सबसे अधिक मैच खेलने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी वंदना कटारिया और फॉरवर्ड लालरेम्सियामी शामिल हैं। इसके अलावा, योगिता बाली, लिलिमा मिंज और नमिता टोप्पो जैसी पूर्व भारतीय खिलाड़ियों ने भी पंजीकरण कराया है, जिससे नीलामी में और भी रोमांच बढ़ गया है।

## एसीसी पुरुष टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024

# भारतीय 'ए' टीम घोषित, तिलक वर्मा होंगे कप्तान



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने मस्कट, ओमान में 18 से 27 अक्टूबर 2024 तक खेले जाने वाले आगामी एसीसी पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के लिए सोमवार को भारतीय ए टीम की घोषणा कर दी है। बल्लेबाज तिलक वर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि अभिषेक शर्मा टीम के उप कप्तान होंगे। भारत ए को ग्रुप बी में ओमान, पाकिस्तान ए और यूएई के साथ रखा गया है जबकि अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, हांगकांग और श्रीलंका ए को ग्रुप ए में रखा गया है। भारत ए 19 अक्टूबर, 2024 को ओमान के मस्कट में क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में पाकिस्तान ए के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

**भारत ए की टीम इस प्रकार है**

**तिलक वर्मा** (कप्तान), अभिषेक शर्मा (उपकप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, रमनदीप सिंह, नेहल वढेरा, आयुष बदोनी, अनुज रावत (विकेटकीपर), साई किशोर, रितिक शौकीन, राहुल चाहर, वैभव अरोरा, अंशुल कंबोज, आकिब खान, रसिक सलाम।

## महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद हरमनप्रीत ने कहा

# हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर सके

एजेंसी

**शारजाह** : आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ रन से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह और दीप्ति शर्मा अपनी साझेदारी के दौरान कुछ ढीली गेंदों को सही से हिट नहीं कर सकीं,जिसके कारण अंततः टीम की हार हुई। एनाबेल सदरलैंड के शानदार अंतिम ओवर की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को शारजाह में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप मैच में मात्र नौ रन से जीत दर्ज की।



हरमनप्रीत ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर यह था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं थी और उसके पास कुछ बेहतरीन ऑलराउंडर भी थे। हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है, वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रहते हैं, उनके पास कई ऑलराउंडर हैं जो योगदान देते हैं। हमने भी अच्छी योजना बनाई थी और हम खेल में मौजूद थे। उन्होंने आसानी से रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं। यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है, आपको हमेशा अपने प्लेइंग इलेवन को तैयार रखना होता है, भले ही एक या दो खिलाड़ी बाहर हों।

# पाकिस्तान के खिलाफ एकदिनी सीरीज के लिए हेड, मार्श को आराम

एजेंसी



**नयी दिल्ली** : पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श को शामिल नहीं किया गया है। दोनों बल्लेबाजों को पितृत्व आधार पर छुट्टी दी गई है, जिसका मतलब है कि युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क को शीर्ष क्रम में एक और मौका मिलेगा। मैट शॉर्ट, जिन्होंने हाल ही में यूके दौरे पर व्हाइट-बॉल प्रारूपों में प्रभावित किया, ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज होने के लिए तैयार हैं। इस सीरीज में पैट कमिंस की वापसी भी हुई है, जिन्होंने 19 नवंबर, 2023 को अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल के बाद से वनडे प्रारूप नहीं खेला है। 31 वर्षीय कमिंस के साथ तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क को भी टीम में शामिल किया गया है, तीनों 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार एक साथ खेलने के लिए तैयार हैं। कैमरन ग्रीन के चोटिल होने के कारण मार्कस स्टोइनिस फिर से टीम में शामिल हो गए हैं, जिन्हें पीठ में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों से आधिकारिक तौर पर बाहर कर दिया गया है।

# आर्कटिक ओपन की निराशा के बाद फॉर्म हासिल करना चाहेंगे सिंधु, लक्ष्य

डेनमार्क ओपन

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय बैडमिंटन सितारे पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 अमेरिकी डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 में भाग लेकर अपने सत्र की निराशाजनक शुरूआत से उबरकर वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। पिछले हफ़्ते फिनलैंड के वंता में आर्कटिक ओपन में दोनों खिलाड़ियों को मुश्किलों का



सामना करना पड़ा, जहाँ पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा, जबकि 2021 के विश्व कांस्य विजेता सेन दूसरे दौर में बाहर हो गये। ओडेंस के एरिना फिन में, दोनों खिलाड़ी बेहतर नतीजों की उम्मीद करेंगे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दोनों भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे, जो 2024 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर का 13वां आयोजन है। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन पिछले हफ़्ते चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन से हार गए थे। यहाँ, अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी सेन का सामना अपने शुरूआती मैच में चीन के लू गुआंग जू से होगा। अगर वह आगे बढ़ते हैं, तो सेन का दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से मुकाबला हो सकता है, जबकि थाईलैंड के मौजूदा विश्व चैंपियन कुनलावुत विटिडसर्न क्वार्टर फाइनल में उनका इंतजार कर रहे होंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को आर्कटिक ओपन में कनाडा की मिशेल ली से पहले दौर में मिली निराशाजनक हार के बाद अपने प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले मुद्दों को जल्दी से जल्दी हल करना होगा, एक प्रतिद्वंद्वी जिसे वह पहले 10 बार हरा चुकी हैं।



वुहान ओपन में अवार्ड समारोज में ट्रॉफी के साथ उत्साहित होकर पोज देती हुई रुस की इरीना और कजाकिस्तान की अन्ना।

## एक झलक

### मैक्स फैशन का 'न्यू न्यू यू' अभियान लॉन्च

**जमशेदपुर :** दुबई स्थित लैंडमार्क ग्रुप के सबसे पसंदीदा फैशन ब्रांड मैक्स फैशन ने 'न्यू न्यू यू' अभियान के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री और स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ एक विशेष सहयोग के माध्यम से ब्रांड के एक नए अध्याय में कदम रखा है। यह कैंपेन एक सुसंस्कृत संग्रह का हिस्सा है, जो उत्सवों या दोस्ताना समारोहों (वर्कवियर, कैजुअल आउटफिट्स, फ्यूजन फेस्टिव वियर, या हाई-ग्लैम अवसरों के कपड़े) के लिए पुनर्निर्माण की भावना को व्यक्त करता है झ ये स्टाइल इस फेस्टिवल सीजन के लिए टोन सेट करता है।

कल्कि कोचलिन कहती हैं, ' मेरा मानना है कि फैशन किसी के व्यक्तित्व का विस्तार है, और मैक्स फैशन का 'न्यू न्यू यू' कैंपेन मुझे ऐसा करने का पूरा मौका देता है।' मैक्स फैशन की मार्केटिंग हेड पल्लवी पांडे कहती हैं, 'जब हम मैक्स फैशन में बदलाव की रोमांचक यात्रा पर निकल रहे हैं, तो 'न्यू न्यू यू' कैंपेन हमारे कस्टमर के लिए लगातार विकसित होने और नए, ट्रेंडसेटिंग स्टाइल लाने की हमारी प्रतिबद्धता है।'

मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चांदना कहते हैं, 'न्यू न्यू यू' अभियान के साथ, हम न केवल एक गतिशील नया संग्रह लॉन्च कर रहे हैं, बल्कि 210+ शहरों में 520 से अधिक स्टोर में निरंतर नवाचार लाने के लिए अपनी रिटेल रणनीति को भी मजबूत कर रहे हैं।'

### थोक महंगाई दर सितम्बर महीने में बढ़ कर 1.84 फीसदी पर पहुंची

**नयी दिल्ली :** खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल की वजह से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर सितंबर महीने में 1.84 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त महीने में यह 1.31 फीसदी थी। सितंबर 2023 में थोक महंगाई दर 0 .26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सितंबर महीने में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने अगस्त में यह दर घटकर 1.31 फीसदी पर आ गई थी। जुलाई में थोक महंगाई दर 2.04 फीसदी रही थी। मंत्रालय ने कहा कि सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने की वजह से थोक महंगाई दर बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें सितंबर महीने में बढ़कर 9 .47 फीसदी हो गई है, जबकि अगस्त में यह 3 .26 फीसदी रही थी।

### आईपीओ लॉन्च होने के पहले ग्रे मार्केट में हुंडई की घटी चमक

**नयी दिल्ली :** हुंडई मोटर इंडिया कल भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च करने वाली है। इस आईपीओ का निवेशकों को लंबे समय से इंतजार है। 15 से 17 अक्टूबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होने वाले इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 27,870 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस इश्यू के लिए 1,865 से 1,960 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। माना जा रहा है कि इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल सकता है। हालांकि ग्रे मार्केट में इस आईपीओ की चमक गिरती जा रही है। इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम में लगातार गिरावट आई है।

# खरीदारी के सपोर्ट से उछले सेंसेक्स व निफ्टी



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.73 प्रतिशत और निफ्टी 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान रियल्टी, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही फार्मास्यूटिकल, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पीएसई और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर मेटल, मीडिया और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 463.76 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.27 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.49 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,195 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,066 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,977 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 152 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,539 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,251 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,288 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 195.57 अंक की मजबूती के साथ 81,576.93 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती आधे घंटे तक बाजार में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन इसके बाद चौतरफा खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक में जबरदस्त तेजी आ गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक 690.81 अंक उछल कर 82,072.17 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, बाजार को बीच-बीच में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली का झटका भी लगता रहा, लेकिन खरीदारी का जोर इतना था कि इस सूचकांक की चाल पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 591.69 अंक की तेजी के साथ 81,973.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## शक्तिकांत दास ने धन प्रेषण की लागत व समय कम करने की वकालत की

**नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को विदेश से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए ये अत्यंत महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने नई दिल्लीं में 'सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स' विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरूआती बिंदु है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को कम करने की अपार संभावनाएं हैं। शक्तिकांत दास ने कहा कि इसके अलावा डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। दास ने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक और क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा-पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है।

## सिट्रोएन बैसाल्ट को भारत एनसीएपी सुरक्षा टेस्ट में मिली 4-स्टार रेटिंग

**रांची :** सिट्रोएन इंडिया द्वारा भारत की पहली मेनस्ट्रीम आईसीई एसयूवी कूपे, ऑल-न्यू बैसाल्ट को भारत न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (भारत - एनसीएपी) में 4 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। अपने बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, विशाल स्पेस, और एयरोडायनामिक सिल्हुएट के साथ ड्राईविंग का शानदार अनुभव प्रदान करने वाली सिट्रोएन बैसाल्ट अब बेहतरीन सुरक्षा विशेषताओं के साथ एक अल्टीमेट ऑल-राउंडर बन गई है। यह रेटिंग न केवल सिट्रोएन बैसाल्ट में मिलने वाली मजबूत सुरक्षा को प्रमाणित करती है, बल्कि इससे अपने सभी वैरिएंट्स और सभी मॉडलों में बेहतर सुरक्षा विशेषताएं प्रदान करने की सिट्रोएन की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होती है। सिट्रोएन बैसाल्ट में एक मजबूत और इंटैलिजेंट बॉडी स्ट्रक्चर डिजाईन है, जो दुर्घटना की स्थिति में सर्वाधिक सुरक्षा प्रदान करता है। बैसाल्ट ने अपने लॉन्च के बाद से ही कारप्रेमियों और पहली बार कार खरीदने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है और प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, शिशिर मिश्रा ने कहा, हमें भारत एनसीएपी से सिट्रोएन बैसाल्ट को 4 स्टार रेटिंग प्राप्त होने पर गर्व है। यह उपलब्धि हमारी डिजाईन फिलॉसफी में सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बैसाल्ट में मजबूत सुरक्षा विशेषताओं की मदद से हमारे ग्राहक आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ ड्राईव कर सकते हैं। भारत में कार खरीदने वालों के बीच सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ने के साथ अपने ग्राहकों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देने पर हमें गर्व है। हमें विश्वास है कि यह रेटिंग मिलने के बाद बाजार में बैसाल्ट का आकर्षण बढ़ेगा और यह लोगों की पसंदीदा एसयूवी बन जाएगी। इस रेटिंग के लिए टेस्टिंग की कठोर प्रक्रिया में बैसाल्ट को कई क्रैश टेस्ट्स से गुजारा गया, जिसमें इसने अपनी आधुनिक सुरक्षा विशेषताओं का प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम दिए। इसके हर मॉडल में 40 से ज्यादा एक्टिव और पैसिव सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं। बैसाल्ट में हाई-स्ट्रेंथ स्टील, एडवांस्ड हाई स्ट्रेंथ स्टील (एएचएसएस) और अल्ट्रा हाई स्ट्रेंथ स्टील (यूएचएसएस) सामने और किनारे से लगने वाली टक्कर से मजबूत सुरक्षा प्रदान करती हैं, और केबिन ज्यादा पिचकता नहीं है। इसके अलावा, इसके सभी मॉडलों में मौजूद एडवांस्ड सुरक्षा विशेषताओं में छः एयरबैग्स, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम (ईएसपी), हिल होल्ड कंट्रोल, सभी सीटों के लिए 3-पॉइंट सीट बेल्ट और सीट बेल्ट रिमाईंडर तथा आईसोफिक्स चाईल्ड सीट एंकर हैं। इन फीचर्स की मदद से ग्राहकों को आत्मविश्वास के साथ ड्राईविंग का सुरक्षित अनुभव मिलता है, जिससे हर सफर में सुरक्षा को सर्वाधिक महत्व देने की सिट्रोएन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

## सैमसंग गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन जल्द होगा लॉन्च

**रांची :** सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन को जल्द लॉन्च करने की घोषणा की है । गैलेक्सी ए16 5जी का लॉन्च मिड-रेंज स्मार्टफोन्स की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है। यह उपभोक्ताओं को 6 जेनरेशन के ओएस अपग्रेड और छह वर्षों का सुरक्षा अपडेट प्रदान करता है। सैमसंग गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन में कई ऐसी खूबियां हैं जो इसे अपने सेगमेंट का सबसे शानदार फोन बनाती हैं। यह उपभोक्ताओं को उनके खर्च किए पैसे का बेहतर मूल्य प्रदान करता है। फोन में कई बेहतरीन फीचर्स होने के चलते स्मार्टफोन खरीदने की इच्छा रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए यह अच्छा विकल्प है। गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन को प्रीमियम गैलेक्सी ए-सीरीज के डिजाइन से सजाया गया है। की आइलैंड स्मार्टफोन की डिजाइन का खास स्टाइल है। गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन तीन आकर्षक रंगों, गोल्ड, लाइट ग्रीन और ब्लू ब्लैक आदि रंगों में उपलब्ध होगा।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर का 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' किया पेश



**रांची/जमशेदपुर :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अर्बन क्रूजर हाइराडर के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' की शुरूआत की घोषणा की। इसमें एक्सक्लूसिव टोयोटा जे नुइन एक्सेसरीज (टीजीए) पैकेज शामिल है। अर्बन क्रूजर हाइराडर लाइन-अप में यह नवीनतम उत्पाद 13 विशेष रूप से डिजाइन किए गए टीजीए के साथ आता है, जो गतिशील और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा 2022 में लॉन्च होने के बाद से ही अर्बन क्रूजर हाइडर टिकाऊ गतिशीलता प्रदान करने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है और इसने उच्च ग्राहक संतुष्टि के साथ अपार लोकप्रियता हासिल की है। बढ़ती मांग और सकारात्मक स्वागत ने हमें अपनी पेशकशों को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। हमारे निरंतर ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने हमें अपने ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को समझकर और उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करके सबसे आगे रहने के लिए प्रेरित किया है। बाहरी क्रोम और सजावटी सहायक उपकरणः मडफ्लैप, डोर वाइजर (एसएसइंसर्ट के साथ प्रीमियम), फ्रंट और रियर बम्पर गार्निश, हेड लैंप गार्निश, हुड प्रतीक, बॉडी क्लैडिंग, फेंडर गार्निश, रियर डोर लिड गार्निश और डोर क्रोम हैंडल इंटीरियर प्रीमियम और उन्नत सहायक उपकरणः सभी मौसम के लिए 3डी फ्लोर मैट, लेगरूम लैंप और एक डिजिटल वीडियोरिकॉर्डर 2022 में अपनी शुरूआत के बाद से, अर्बन क्रूजर हाइराडर ने अपनी अत्याधुनिक तकनीक, गतिशील प्रदर्शन और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता के साथ देशभर के उपभोक्ताओं के दिलों में एक खास जगह बनाई है। इसकी बोल्ड और परिष्कृत स्टाइलिंग, टोयोटा की प्रसिद्ध वैश्विक एसयूवी लाइनेज के साथ मिलकर इसेबी-एसयूवी सेगमेंट में सबसे अधिक मांग वाले मॉडलों में से एक बनाती है। ग्राहकों की लगातार बढ़ती मांग और पूरे देश में इसकी जबरदस्त स्वीकार्यता के साथ, अर्बन क्रूजर हाइराडर प्रदर्शन या आराम से समझौता किए बिना अधिक टिकाऊ ड्राइविंग विकल्प की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए पसंदीदा विकल्प बना हुआ है।

## जावेद हबीब ने किया फ्रेंचाइजी मीट का आयोजन




रांची : भारत की सैलून चैन की अग्रणी सूची में शामिल जावेद हबीब सैलून ने कदरु स्थित रेडिशन ब्लू होटल में फ्रेंचाइजी मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूरे झारखंड के जावेद हबीब सैलून एवं अकेडमी के फ्रेंचाइजी संचालकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने सभी फ्रेंचाइजी संचालकों के साथ नवीनतम रुझानों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह फ्रेंचाइजी मीट नए अवसरों पर चर्चा करने और ब्रांड के विकास का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया है। स्वतंत्र और टिकाऊ व्यावसायिक अवसरों की पेशकश के लिए हमारे निरंतर विस्तार और प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, यह फ्रेंचाइजी मीट ज्ञान-साझाकरण, व्यवसाय विकास और भविष्य के लिए रणनीतिक योजना के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार- झारखंड अरविन्द कुमार ने बताया कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस फैलाने वाले प्रमुख हेयर एंड ब्यूटी सैलून में से एक है। कंपनी के पूरे भारत में 1000 से अधिक सैलून हैं। कंपनी झारखंड में पैशनेट पार्टनर्स को आमंत्रित कर रही है ताकि वो इस सैलून से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें।

## बादल पे पांव है शो के रजत को जेल



**मुंबई :** सोनी सब 'बादल पे पांव है' हाल के एपिसोड में बानी और रजत आखिरकार एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इजहार करते हैं और अपने मिलन का जश्न मनाते हैं। लेकिन जैसे ही वे अपनी नई खुशी का आनंद लेना शुरू करते हैं, उनके जीवन में अज्ञात खतरे मंडराने लगते हैं। आगामी एपिसोड में रोहन डिनर पर गिन्नी के ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला देता है और उसके वह मदद के लिए रजत को बुलाती है। चीजें तब नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। बानी अरोड़ा ने कहा, बानी और रजत के लिए यह बहुत बड़ा पल है। तमाम चुनौतियों और गलतफहमियों के बाद दर्शक आखिरकार उनके साथ और खुश रहने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब ऐसा लगता है कि सब कुछ ठीक चल रहा है, तो सब कुछ बिखर जाता है।

## उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना जरूरी : जोशी




**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोमवार को कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हो। उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए मानकों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों मंत्री प्रहलाद जोशी ने नई दिल्ली में विश्व मानक दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक मानक एकीकृत मानक ढांचे की दिशा में काम करने वाले हितधारकों के बीच सामंजस्य और तालमेल सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की भलाई गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तक पहुंच पर निर्भर करती है, जबकि उद्योग की वृद्धि और लाभप्रदता सीधे इन उच्च गुणवत्ता वाले सामानों की मांग से जुड़ी हुई है। यह एक समग्र दृष्टिकोण है जो उपभोक्ताओं और उत्पादकों की परस्पर निर्भरता को स्वीकार करता है और मजबूत गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देता है। जोशी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण पर जोर दिया कि देश को उसकी सर्वोत्तम गुणवत्ता के लिए पहचाना जाए और भारत को विश्व मानकों का पर्याय बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीआईएस को गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और वैश्विक व्यापार में इसका योगदान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आर्थिक विकास को समृद्ध बनाने, 'मेड इन इंडिया' लेबल को बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर ब्रांड भारत की स्थापना में बीआईएस की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में, 2016 का नया बीआईएस अधिनियम व्यापार करने में आसानी को और मजबूत करेगा। यह 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा देगा। जोशी ने उत्पादों के मानकीकरण में बीआईएस के अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज 22,300 से अधिक मानक लागू हैं, जबकि 94 फीसदी भारतीय मानकों को आईएसओ तथा आईएसई मानकों के साथ सुसंगत बनाया जा रहा है। आज 732 उत्पादों के 174 क्यूसीओ को अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन के लिए अधिसूचित किया गया है, जबकि 2014 तक 106 उत्पादों के केवल 14 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) थे।

केन्द्रीय मंत्री ने बीआईएस की मानक संवर्धन गतिविधियों पर एक फिल्म भी लॉन्च की।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से अब मिलेंगे ढाई हजार प्रतिमाह...

इसी तरह राष्ट्रीय शिक्षा के तहत झारखंड अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालय में चार साल डिग्री प्रोग्राम योजना की स्वीकृति दी गयी। वहीं, कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत टीचर और कर्मचारी निधि की सुविधा दी जायेगी। वहीं,

राज्य में मदरसा माइनॉरिटी स्कूल में संचालित शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राज्य योजना से संचालित करने की स्वीकृति दी गयी।

बैठक में रांची विश्वविद्यालय में रांची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीकृत महाविद्यालय में सेवा दे रहे नेट पास कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा को आवश्यकता आधारित सेवा में करने की स्वीकृति दी गयी। उच्चतर शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए योजना की स्वीकृति दी गयी। 20 करोड़ खर्च होगा।

कैबिनेट ने गोड्डा जिला के अंतर्गत ठाकुर गंग टी में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी।

वहीं, महिला महाविद्यालय बहरागोड़ा की स्थापना के लिए 38 करोड़ की योजना स्वीकृत की।

राजकीय विश्वविद्यालय में डुअल डिग्री के लिए योजना मंजूर की।

रिनपास रांची में निदेशक की नियुक्ति एवं सेवा शर्त में संशोधन किया गया। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जमशेदपुर बहरागोड़ा के निर्माण के लिए 254 करोड़ रुपये की मंजूरी की गयी। राजकीय पॉलिटेक्निक पोटका, जमशेदपुर के निर्माण के लिए 136 करोड़ की योजना मंजूरी की गयी।

**असम में रहने झारखंड के 15 लाख से अधिक आदिवासियों के उत्थान लिए बनेंगी योजनाएं**

बताया गया कि असम में रह रहे 15 लाख से अधिक आदिवासी, जिन्हें अब तक एसटी का दर्जा नहीं मिला है, वह ओबीसी में शामिल हैं, उनके लिए झारखंड सरकार कई तरह की योजनाएं लायेगी। इसके लिए आदिवासी कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कमेटी असम भेजी जायेगी। वहां की स्थिति की जानकारी लेने के बाद उनके हित को लेकर कई योजनाएं लायी जायेंगी।

भारत सरकार और असम सरकार से भी इसके लिए समन्वय किया जायेगा। कैबिनेट सचिव ने बताया कि असम में करीब 70 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है जिसमें झारखंड से करीब 15 लाख 20 से 22 प्रतिशत लोग वहां है। इन्हें सरकारी योजनाओं के सुविधा पहुंचायी जायेगी। यह भी तय हुआ कि पारा शिक्षक और कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कर्मी सहायक अध्यापक इत्यादि को ईपीएफओ योजना का लाभ मिलेगा।

### स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त...

मौका मिल रहा है। मेरा आप सभी से यही कहना है कि इस राज्य की जनता के प्रति जो आपको जिम्मेदारी मिली है, उस पर आप खरा उतरने का प्रयास करें। अपनी सेवा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभायें, ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे। इससे इस राज्य की व्यवस्था को मजबूत करने में हमें मदद मिलेगी।

**स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का लगातार हो रहा प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सिर्फ बिल्डिंग खड़ा कर देने से स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों और इलाज से सम्बन्धित समुचित सुविधाओं को उपलब्ध कराना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रख कर हमारी सरकार स्वास्थ्य से जुड़ीं सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। आज चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति, आधुनिक चिकित्सीय संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अस्पतालों के रख-रखाव और मरम्मत की भी समुचित व्यवस्था है। राज्य के गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कई स्वास्थ्य योजनाएं संचालित हैं। हमारी कोशिश राज्य के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। इस सिलसिले में विश्व पटल पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बेहतर सेवा देने के लिए पहचान बनानेवाले निजी क्षेत्र के संस्थानों का सहयोग ले रहे हैं। इसी कड़ी में अपोलो अस्पताल का शिलान्यास हाल में सम्पन्न हुआ है। वहीं, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से राजधानी रांची के इटकी में वर्ल्ड क्लास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि यहां के लोगों को बहुत जल्द इलाज के लिए दूसरे प्रदेशों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

**क्रिटिकल बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में सम्भव हो, हो रहा प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई नयी बीमारियां हमारे लिए चुनौती बनी हुई हैं। कॉविड-19 के बाद से हम लगातार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में गम्भीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में सम्भव हो, इसके लिए प्रयास जारी है। इसके लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे निजी संस्थाओं, संस्थाओं और अस्पतालों के सहयोग से इलाज से सम्बन्धित आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश लगातार जारी है।

**नर्सिंग के क्षेत्र में पुरुषों को भी सेवा करने का मिल रहा मौका**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य तौर पर नर्सिंग से महिलाएं और युवतियां जुड़ी होती हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि नर्सिंग में पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। इसीलिए नर्सिंग संस्थानों में पुरुषों का दाखिला सुनिश्चित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। पुरुष और महिला समान रूप से नर्सिंग के क्षेत्र में कार्य करेंगे, तो मरीजों को और बेहतर सेवा मिलेगी।

**एयर एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कई कड़ियां जुड़ चुकी हैं। सरकार के द्वारा एयर एम्बुलेंस की सेवा भी किफायती दर पर उपलब्ध करायी गयी है, ताकि गम्भीर मरीजों को इमरजेंसी में इलाज के लिए बाहर ले जाने की जरूरत पड़े, तो उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और अभियान निदेशक अबू इमरान उपस्थित थे।

### झारखंड में ईडी का 20 जगह छापा...

को कुछ दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी जांच अभी जारी है। ईडी ने 12 अक्टूबर को भी चुटिया में छापा मारा था।

### वाइस एडमिरल कविता सहाय ने डीजी चिकित्सा सेवा का कार्यभार सम्भाला...

रूप में चुनी जानेवाली पहली महिला अधिकारी हैं। उन्हें 2013-14 में फिलाडेल्फिया, यूएसए से मेडिकल शिक्षा के उन्नयन के लिए प्रतिष्ठित फाउंडेशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ इंटरनेशनल मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया था। विशिष्ट सेवा के सम्मान में फ्लैग ऑफिसर को 2024 में सेना पदक और 2018 में विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2008 और वर्ष 2012 में दो बार सेना प्रमुख और 2010 में जीओसी-इन-सी (डब्ल्यूसी) की ओर से उनकी सराहना की गयी है।

### भारत ने पाकिस्तान को चीन से हथियार सहायता मिलने पर जतायी चिन्ता...

मिल रहे हैं और हमने यह सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीति बनायी है कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों से समझौता न हो। जहां तक चीन का सवाल है, तो यह संख्या के मामले में सबसे बड़ी नौसेना बन गयी है। हम इस पर भी नजर रख रहे हैं।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि 1999 में सरकार ने 30 वर्षीय पनडुब्बी निर्माण योजना को मंजूरी दी थी और हम उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। आनेवाले वर्षों में पी-75 परियोजना पूरी होने के बाद इस वर्ष छह पनडुब्बियां मिलने जा रही हैं। हम आगे बढ़ेंगे और जरूरत के लिहाज से 18 पनडुब्बियों की वांछित ताकत भी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि इस समय भारतीय शिपयार्ड में 63 जहाज बनाये जा रहे हैं, जिनमें डीपीएसयू, पीएसयू और एलएंडटी जैसे निजी उद्योग भी शामिल हैं। भारतीय नौसेना 2047 तक पूरी तरह से 'आत्मनिर्भर' बल बन जायेगी। मुझे नहीं लगता कि सतह से लेकर उप-सतह तक कोई और प्लेटफॉर्म विदेश से खरीदा जायेगा। वे सभी भारत में बनाये जायेंगे।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 31 शिकारी ड्रोनों को मंजूरी दी है, जिनमें 15 नौसेना को मिलेंगे। ये बहुत ही सक्षम प्लेटफॉर्म हैं, ताकि हम जान सकें कि कौन क्या और क्यों कर रहा है। इनके जरिये हम यह सुनिश्चित करना चाहेंगे कि समग्र समुद्री सुरक्षा के हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना के क्षेत्र में क्या हो रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका से पट्टे पर मिले ड्रोन के जरिये हमने कुछ महीने पहले माल्टा के व्यापारिक जहाज एमवी रुएन से 17 चालक दल को बचाया और 35 समुद्री डाकुओं को पकड़ा। इस ड्रोन का उपयोग उस जहाज की निगरानी और ट्रैक करने के लिए बहुत व्यापक रूप से किया गया था, इसीलिए हम पैरा-ड्रॉप सैनिकों के साथ मिल कर अपने तट से लगभग 2,000 किलोमीटर दूर कार्रवाई कर सके।

## एक झलक

### श्रीलंका में भारी बारिश से तीन लोगों की मौत

**कोलंबो** : भारत के पड़ोसी मुल्क श्रीलंका में भारी बारिश के कारण लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि मौसम की खराब स्थिति के कारण सोमवार सुबह तक तीन लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, डीएमसी ने बताया कि देश में सात अक्टूबर से भारी बारिश शुरू हुई और सोमवार सुबह तक देश भर के 12 जिलों में बारिश से उत्पन्न आपदाओं के कारण 34,492 परिवारों के 134,484 लोग विस्थापित हुए हैं। श्रीलंकाई सिंचाई विभाग ने पांच मुख्य नदियों के सात स्थानों पर बाढ़ की चेतावनी दी है।

### सेना ने स्कूल पर बरसाये बम, 20 लोगों की मौत

**गाजा** : इजराइल सेना मध्य गाजा में एक स्कूल पर हवाई हमला किया जिसमें कई बच्चों समेत कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी स्थानीय अस्पताल ने दी। मध्य गाजा के नुसरत में रविवार रात हुए इस हमले में दो महिलाओं की मौत हो गईं। गाजा में साल भर से जारी युद्ध के बीच कई लोगों को विभिन्न स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। इस स्कूल में कुछ फलस्तीनी नागरिकों ने शरण ली हुई थी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इजराइल की बमबारी और गाजा पर आक्रमण में अब तक 42 हजार से ज्यादा बेगुनाज फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं।

### चीन के पीएम ली कियांग पाक पहुंचे

**इस्लामाबाद** : चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग आज पाकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा पर रावलपिंडी पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनका स्वागत किया। शहबाज शरीफ ने कहा कि चीनी समकक्ष की यात्रा देश के लिए उपयोगी साबित होगी। उल्लेखनीय है कि क्यांग 15-16 अक्टूबर को 23वें शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

### अल्जीरिया पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**अल्जीरिया** : भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में रविवार को अल्जीरिया पहुंचीं। जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राष्ट्रपति के ह्यएक्सह्न पर आधिकारिक अकाउंट से साझा की गई पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अल्जीरिया पहुंचीं।

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए हरित प्रौद्योगिकी के उपयोग में भारत का अनुभव उल्लेखनीय : बिरला

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं असेम्बली में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज 'शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग' विषय पर सभा को संबोधित किया। बिरला ने वर्तमान समय की वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से रखा। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है। बिरला ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से कहा कि देशों की संसद साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी। उन्होंने तकनीकी प्रगति, वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया ताकि इस प्रगति का लाभ सभी को समान रूप से मिल सके और इसका उपयोग जिम्मेदारी के साथ समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए किया जा सके।




जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के बारे में लोकसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई 'वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड' (ओएसओडब्ल्यूजी) की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 76 गीगावाट से बढ़कर 203 गीगावाट हो गई है। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, बायो फ्यूल गठबंधन जैसी पहलों के बारे में भी बात की, जो जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस संबंध में संसद द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के मुद्दों पर संसद में विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि नए भवन के निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है, जो हरित ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

बिरला ने गर्व के साथ कहा कि भारत में स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 355 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य वाले 118 यूनिकॉर्न के साथ, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप राष्ट्र बन गया है । आमजन को सेवाएं प्रदान करने में भारत में प्रौद्योगिकी के अभूतपूर्व उपयोग के बारे में बात करते हुए । बिरला ने बताया कि कैसे जन धन, आधार और मोबाइल की जेऐएम ट्रिनिटी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन के द्वारा 314 सार्वजनिक कल्याण योजनाओं के तहत 2 ट्रिलियन 495 बिलियन रुपये के वित्तीय लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों मे अंतरित किए गए हैं, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है।

लोक सभा अध्यक्ष ने आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आईपीयू मंच के साथ-साथ राष्ट्रीय संसदों में भी चर्चा की जानी चाहिए। इस संबंध में, उन्होंने बताया कि भारत की संसद ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापक चर्चा के बाद प्रौद्योगिकी, विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में डिजिटल निजी डाटा संरक्षण विधेयक, दूरसंचार विधेयक, ऊर्जा संरक्षण विधेयक और जैव विविधता विधेयक आदि जैसे कई विधेयक पारित किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की संसद में डिजिटल संसद एप्लिकेशन से न केवल संसद को पेपरलेस बनाया गया है, बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से संसद की दक्षता को भी बढ़ाया गया है। इससे सभी सदस्यों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और सभी हितधारकों को एक एकीकृत मंच पर लाया गया है।

# भारत पूर्वी तट पर नयी मिसाइल परीक्षण रेंज विकसित करेगा, सीसीएस की मंजूरी

■ माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में भी युद्धाभ्यास रेंज स्थापित की जायेगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : एक तरफ भारत नई-नई मारक क्षमता वाली मिसाइलें विकसित करके एयरोस्पेस की दुनिया में अपना दबदबा कायम कर रहा है, तो दूसरी तरफ भारतीय सेना भी लगातार अपने फायरिंग रेंज की संख्या बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने आंध्र प्रदेश में एक नई मिसाइल परीक्षण रेंज स्थापित करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अलावा सेना ने माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करने की प्रक्रिया शुरू की है।

डीआरडीओ रक्षा बलों के लिए बड़ी संख्या में हथियार प्रणालियों को विकसित करने के उन्नत चरण में है, जिसमें बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, मानव पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, वर्टिकल लॉन्च की गई छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और सामरिक डोमेन में कई अन्य प्रणालियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सीसीएस ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसके अनुसार नई मिसाइल रेंज आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। नई मिसाइल परीक्षण रेंज का इस्तेमाल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, टैंक रोधी मिसाइल और सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए किया जाएगा।

सीसीएस ने पिछले सप्ताह इसी बैठक में अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने और भारतीय नौसेना के लिए दो परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण को भी मंजूरी दी थी। डीआरडीओ इन परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएगा। भारतीय नौसेना को दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियां मिलेंगी, जो हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की क्षमताओं को कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी। यह सौदा लंबे समय से अटका हुआ था और भारतीय नौसेना इस पर जोर दे रही थी, क्योंकि यह पानी के भीतर क्षमता की कमी को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। बैठक में अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं के साथ-साथ बलों के लिए सड़कें बनाने के प्रस्तावों को भी आगे बढ़ाया गया है। चीन से गतिरोध के बीच उत्तरी सीमा पर भारतीय सेना ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एक नई उच्च ऊंचाई वाली पहली फायरिंग रेंज स्थापित की है। यह युद्धाभ्यास रेंज सामरिक युद्ध अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें दुश्मन के टैंकों से बचाव जैसी हमला रणनीति शामिल है। सैन्य अभ्यास करने के लिए जमीन के एक बड़े टुकड़े की आवश्यकता होती है, यही वजह है कि युद्धाभ्यास रेंज का उपयोग किया जाता है। ये रेंज टैंक प्रशिक्षण और विभिन्न युद्धक्षेत्र परिदृश्यों के लिहाज से समर्पित क्षेत्र होता है, जिससे सैनिकों को सुरक्षित वातावरण में अपने कौशल को निखारने में सहूलियत मिलती है।




### माओवादियों के गढ़ होगी विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना

**भारतीय** सेना माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में 545 वर्ग किलोमीटर में फैले एक विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करेगी। इसका उपयोग एकीकृत युद्ध समूहों, स्ट्राइक कोर, लड़ाकू विमानन ब्रिगेड, रॉकेट फोर्स के अभ्यास के लिए किया जाएगा। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में फैला हुआ अबूझमाड़ 4,000 वर्ग किलोमीटर में फैला वन क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 07 अगस्त को नारायणपुर जिला प्रशासन से अबूझमाड़ के जंगलों के अंदर सेना के युद्धाभ्यास रेंज के लिए 54,543 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने को कहा है। पत्र में कहा गया था कि अबूझमाड़ के जंगलों में रेंज की स्थापना जिले के ओरछा तहसील के सोनपुर-गरपा क्षेत्र में की जाएगी।

# सामाजिक संस्थाओं के महत्व को सामने लानेवाले तीन अमेरिकी शोधकर्ताओं को मिला नोबेल

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अर्थशास्त्र में इस बार का नोबेल पुरस्कार किसी देश की समृद्धि में सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों- डारोन एसेमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन को दिया गया है। इन शोधकताओं ने यह समझने में मदद की कि कानून रूप से खराब शासन वाले समाज और जनसंख्या का शोषण करने वाली संस्थाएं विकास या बेहतरी के लिए परिवर्तन उत्पन्न क्यों नहीं करती हैं। इन वैज्ञानिकों ने यह स्थापित किया कि समावेशी संस्थानों से सभी का दीर्घकालिक लाभ होता है।



आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेन्सन कहते है कि देशों के बीच आय में व्यापक अंतर को कम करना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। पुरस्कार विजेताओं ने इसे प्राप्त करने के लिए सामाजिक संस्थानों के महत्व का प्रदर्शन किया है।

डारोन एसेमोग्लू 1967 में इस्तांबुल, तुर्किये में पैदा हुए। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से पीएचडी की और अब वे कैम्ब्रिज के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर हैं। साइमन जॉनसन का जन्म 1963 में ब्रिटेने के शेफील्ड में हुआ। उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पीएचडी की और वहीं प्रोफेसर हैं। जेम्स ए. रॉबिन्सन का जन्म 1960 में हुआ। उन्होंने पीएचडी येल यूनिवर्सिटी, न्यू हेवन, सीटी, यूएसए से की। शिकागो विश्वविद्यालय, आईएल, यूएसए में वे प्रोफेसर हैं। पुरस्कार के तौर पर इन्हें 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर ( करीब 9 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जिन्हें पुरस्कार विजेताओं के बीच समान रूप से साझा किया जाएगा। इन वैज्ञानिकों ने बताया कि समावेशी संस्थानों से सभी का दीर्घकालिक लाभ होता है। वहीं इससे उलट निष्कर्षकारी संस्थान सत्ता में बैठे लोगों को केवल अल्पकालिक लाभ देते हैं।

### अंकलेश्वर ड्रग्स केस में 05 गिरफ्तार

**अंकलेश्वर** : यहां औद्योगिक क्षेत्र अंकलेश्वर के आवकार ड्रग्स नामक कंपनी से 5 हजार करोड़ रुपये कीमत की कोकीन जब्ती मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार देर रात कंपनी के 3 निदेशकों समेत कुल 5 लोगों को पकड़ा है। इन सभी को सोमवार सुबह कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया है। पकड़े गए कंपनी के निदेशकों में अश्विनी रामाणी, ब्रिजेश कोठिया, विजय भेसाणिया तथा दो केमिस्ट्स हैं। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपितों को दिल्ली ले जाया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए ड्रग्स मामले की जांच गुजरात के भरुच जिले के अंकलेश्वर तक पहुंच गई है।

# धर्मेन्द्र प्रधान आज तीन एआई उत्कृष्टता केन्द्र शुरू करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को नई दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा, कृषि और संधारणीय शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) शुरू करेंगे। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए इन तीन सीओई का नेतृत्व उद्योग भागीदारों और स्टार्टअप के साथ मिलकर शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। वे इन तीन क्षेत्रों में अंतःविषय अनुसंधान करेंगे, अत्याधुनिक अनुप्रयोग विकसित करेंगे और स्केलेबल समाधान तैयार करेंगे। इस पहल का उद्देश्य एक प्रभावी एआई पारिस्थितिकी तंत्र को सक्रिय करना और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधनों का पोषण करना है। 'भारत में एआई बनाएं और एआई को भारत के लिए काम करने लायक बनाएं' के विजन के तहत, इन केंद्रों की स्थापना की घोषणा 2023-24 के बजट घोषणा के पैरा 60 के तहत की गई थी।




# बहराइच में बिगड़े हालात को काबू करने में जुटा प्रशासन




एजेंसी

**बहराइच** : उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। हिंसा में मारे गए युवक के परिजन और आक्रोशित ग्रामीण लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। उसी की आड़ में अराजक तत्व आगजनी की घटना और तोड़फोड़ को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, दंगा प्रभावित इलाकों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है। आसपास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। क्षेत्र में पीएसी भी तैनात है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। विधायक व प्रशासन परिवार के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए मनाने में जुट हुए हैं। पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ प्रभावित इलाकों में गश्त पर हैं। महाराजगंज में महसी इलाके में रविवार की शाम को दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। डीजे की धुन पर लोग ना गा रहे थे। इस दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने गाने को बंद करने को कहा तो दोनों समुदाय के लोगों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट, पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस फायरिंग में एक युवक राम गोपाल मिश्रा की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गये। इस घटना के बाद लोग और आक्रोशित हो गये और बवाल बढ़ गया। बलवाइयों ने सरकारी सम्पत्ति, दुकानों, घरों और वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। बवाल बढ़ता देखकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आसपास के जिलों से अतिरिक्त फोर्स मंगवा ली। प्रशासन और पुलिस ने किसी तरह हालात को काबू में किया। राम गोपाल का शव पंचनामा के बाद उनके घर ले जाया गया तो परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद एक बार फिर शांतिपूर्ण माहौल तनावपूर्ण हो गया।




हिंदी दैनिक
फ्रीडम फाइटर
आपके यहाँ ग्रुप गेदरिंग हो रहा है
तो हमें कॉल करे
8210401562, 0651 3501612

दशहरा को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सिन्दूर खेला बंगालियों की एक प्रमुख परम्परा है। इसे हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। बंगाली मान्यताओं के अनुसार दशहरा के अगले दिन सिन्दूर खेला की रस्म की जाती है। रांची के विभिन्न स्थानों पर यह आयोजन होता है। सुहागिन महिलाएं आपस में सिन्दूर खेलती हैं और एक-दूसरे को मिठाई खिलाती हैं। यह न केवल एक धार्मिक क्रिया है, बल्कि महिलाओं के लिए एक सामाजिक समारोह भी है, जिसमें वे एक-दूसरे के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करती हैं।